

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 132 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 18 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर भूपेश बघेल का नक्सली रवैया सामने आया

राजीव युवा मितान क्लब को प्रति तिमाही 25 हजार का.... पेज -8 पर





श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2023 (22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-


**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द सावा शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, उद्धव साव, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

मौसम ने फिर बदली करवट,

### कई जिलों में होगी झमाझम बारिश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम ने एक फिर करवट बदली है। तेज धूप के बाद आज गुरुवार को सुबह से राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में बादल छाए रहे। वहीं रायपुर और बिलासपुर के कई इलाकों में बारिश हुई। कई जिलों में ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के साथ तेज अंधड़ और गरज-चमक भी हो सकता है। अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के पेंड्रा रोड, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा और उसके लगे हुए जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की संभावना है।

# नगर पंचायत ने बस स्टैंड में अव्यवस्थित ठेलों को किया व्यवस्थित

## बड़े दुकानदारों पर कोई कार्यवाही नहीं करने से उठ रहे कई सवाल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

नगरीय क्षेत्र में बेजा कब्जा करने वालों की बाढ़ सी आ गई है। आज नगर पंचायत द्वारा अव्यवस्थित ठेले वालों पर कार्यवाही करते हुए व्यवस्थित किया गया है। नगर के कुछ बड़े दुकानदार इन ठेलों वालों की शिकायत नगर पंचायत में बार-बार करने पहुंच जाते थे।

आज भी कुछ शिकायतकर्ता शिकायत लेकर नगर पंचायत पहुंच गए थे। जिसके कारण नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ठेले वालों पर आज कार्यवाही किया गया है।

### आखिर बड़े दुकानदारों के अवैध शेड पर कार्यवाही क्यों नहीं?

बस स्टैंड के बड़े दुकानदारों ने अवैध तरीके से कई-कई फीट शेड बाहर निकालकर दुकानदारी करते हैं। अवैध शेड पर तत्कालीन आईएएस एसडीएम द्वारा कार्यवाही करते हुए दुकान के सामने 5 फीट शेड लगाने की अनुमति दिया गया था। दुकानदारों द्वारा आईएएस एसडीएम की बात को मानते हुए अपने दुकान के सामन 5 फीट शेड का निर्माण किया गया था जिन दुकानदारों का शेड बड़ा था वो अपने दुकान का शेड छोटा कर लिया था। मगर




जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

कुछ ही दिन बात दुकानदार द्वारा मनमाने तरीके से फिर दुकान के सामने 10-15 फीट शेड का निर्माण कर लिया गया। जिसके कारण बस चालकों को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आज नगर पंचायत द्वारा अव्यवस्थित ठेले वालों को व्यवस्थित तरीके से ठेला लगाने की हिदायत देते हुए बस स्टेण्ड से हटाया दिया गया। मजेदार बात है कि नगर पंचायत द्वारा छोटे ठेले वालों पर कार्यवाही तो किया लेकिन बड़े दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर 10 से 15 फीट कब्जा कर दुकान लगाने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया। बड़े दुकानदार द्वारा अवैध तरीके से कई-कई फीट अवैध शेड का निर्माण कर लेने से कभी भी कोई दुर्घटना होने की आशंका बना रहता है। मगर ऐसा लगता है कि नगर पंचायत कोई दुर्घटना का इंतेजार कर रहा है। दुर्घटना होने के बाद ही नगर पंचायत इन अवैध शेड पर कार्यवाही करेगी? वहीं नगर पंचायत द्वारा किया गया कार्यवाही पर एल्डरमेन हाफिजउल्ला खान ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि अधिकारियों को सबके साथ न्याय करना चाहिये। जिस तरह ठेले को हटाया गया है उसी तरह दुकान के सामने कई-कई फीट शेड निकालकर दुकान चलाने वालों पर भी अधिकारियों को कार्यवाही करनी चाहिए।

छत्तीसगढ़ में प्रभारी प्राचार्य के भरोसे 202 कॉलेज

# छत्तीसगढ़ में 226 सरकारी कॉलेज, सिर्फ 24 में नियमित प्राचार्य की नियुक्ति

रायपुर। छत्तीसगढ़ में 202 शासकीय स्नातक महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहे हैं. सिर्फ 24 में ही नियमित प्राचार्य की नियुक्ति की गई है. उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने एक लिखित सवाल के जवाब में यह जानकारी दी है।



भाजपा विधायक रजनीश सिंह ने पूछा था कि राज्य में कुल कितने शासकीय स्नातक महाविद्यालय हैं? इन महाविद्यालयों में कितने में नियमित प्राचार्य पदस्थ हैं और कितने नियमित प्राचार्य के पद रिक्त हैं. मंत्री पटेल ने बताया, राज्य में कुल 226 शासकीय स्नातक महाविद्यालय हैं. इन महाविद्यालयों में 24 नियमित प्राचार्य पदस्थ हैं और 202 महाविद्यालयों में नियमित प्राचार्य के पद रिक्त हैं। सिंह ने पूछा कि क्या छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के शैक्षणिक सेवा भर्ती नियम-2019 के अनुसार पदोन्नत प्राध्यापकों का वेतनमान 37400-67000 एजीपी 10000 के साथ निर्धारित किया गया था? यदि हां तो निर्धारित वेतनमान दिया जा रहा है या नहीं? यदि नहीं तो कारण बताएं। मंत्री ने बताया, जी हां, वेतनमान 37400-67000 एपीजी 10000 के साथ निर्धारित किया गया था. पदोन्नत प्राध्यापकों को अब तक एजीपी दस हजार का वेतनमान नहीं दिया गया है। वर्तमान में कार्यरत पदोन्नत प्राध्यापक छत्तीसगढ़ शैक्षणिक सेवा (महाविद्यालयीन शाखा) भर्ती नियम, 1990 में अंकित प्रावधान अनुसार सीधे सहायक प्राध्यापक से पदोन्नत प्राध्यापक (एजीपी नौ हजार) के पद पर पदोन्नत होकर कार्यरत थे.

# राशन मामले पर भारी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आज राशन घोटाले के आरोप पर भारी हंगामा हुआ। विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच भारी नोंकझोंक के दौरान भाजपा सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की।



हंगामा बढ़ने पर अध्यक्ष चरणदास महंत ने 5 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही फिर शुरू होते ही भाजपा सदस्यों ने इस मामले की जांच विधायकों की समिति से कराने की मांग करते हुए नारेबाजी की। जिसके जवाब में कांग्रेस सदस्यों ने भी नान घोटाले को लेकर नारेबाजी की। इस टकराव के बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही फिर से स्थगित कर दी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से सवाल किया कि क्या शासन ने राशन दुकानों में आगामी दो माह के, शत प्रतिशत अनाज, शक्कर आवंटन संबंधी नियम बनाया है, यदि हां, तो कब से प्रचलन में है? क्या लगातार दो माह शत प्रतिशत अनाज, शक्कर आवंटन देने के बाद, तीसरे महीने, बीते दो महीनों में, वितरण के बाद बचे अनाज और शक्कर की मात्रा को घटाकर, तीसरे महीने शेष आवंटन देने का प्रावधान है? यदि हां, तो जनवरी 2022 से जनवरी 2023 तक की अवधि में, प्रदेश की राशन दुकानों में, शेष बचत की माहवार, जीन्स वार मात्रा और उसको घटाकर दिए गए, अनाज शक्कर की मात्रा का जिलावार, माहवार, जीन्स वार विवरण देवें? इस प्रकार अवशेष मात्रा की राशि का विवरण दिया जाए? क्या उपरोक्त प्रक्रिया का पालन सभी जिलों में किया गया है? .

खेलबो जीतबो गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

# केन्द्र ने छत्तीसगढ़ को दिए 10 और नए खेलो इंडिया सेंटर




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों को एक और बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया स्कीम के तहत दस नए खेलो इंडिया लघु केन्द्रों की स्थापना की मंजूरी दी गई है। दसों केन्द्र अलग-अलग जिलों में एक-एक खेल के लिए खोले जाएंगे।

# अविश्वास प्रस्ताव स्थगन मामला पहुंचा विधानसभा

## विधायक सौरभ सिंह ने किया ध्यानाकर्षण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

नगर पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाले सम्मिलन को स्थगित करने का मामला विधानसभा तक पहुंच गया। भाजपाइयों ने इसे प्रशासनिक आतंकवाद कहते हुए कांग्रेस पर हमला किया है। सम्मिलन स्थगित होने के मामले को विधायक सौरभ सिंह ने विधानसभा ध्यानाकर्षण में उठाया था। जिसमें उन्होंने कहा है कि प्रदेश में अधिकारी अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ नगर पंचायत का चुनाव 2020 में हुआ है। जिसमें कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष




निर्वाचित हुई थी। निर्वाचन के पश्चात ही धरमजयगढ़ नगर का विकास अवरुद्ध हो गया है। नगर के मूलभूत सुविधाओं के लिए उनका रवैया भी अत्यंत उदासीन है। नगर पंचायत अध्यक्ष का व्यवहार नगर की जनता एवं निर्वाचित पार्षदों के लिए भी अत्यंत अशोभनीय है। जिसके कारण पार्षदों में असंतोष है। इसलिए 13 फ रवरी 2023 को अविश्वास प्रस्ताव के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा था। जिसके लिए कलेक्टर द्वारा 13 मार्च को सम्मिलन की तिथि निर्धारित करते हुए एसडीएम डिगेश पटेल को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया था। निर्धारित तिथि समय पर पार्षदगण सम्मिलन के लिए पहुंचे तो पता चला कि पीठासीन अधिकारी 13 व 14 मार्च अवकाश पर रहने के कारण उपस्थित नहीं हो सकेंगे। अवकाश हेतु पीठासीन अधिकारी द्वारा 12 मार्च को आवेदन दिया गया था। कलेक्टर व पीठासीन अधिकारी द्वारा अविश्वास प्रस्ताव सम्मिलन के लिए अन्य अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया। यह नगर पालिका अधिनियम 1962 का उल्लंघन एवं जनप्रतिनिधियों का अपमान है।

नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव की प्रकिया 14 दिवस के भीतर पूर्ण की जानी चाहिए। किंतु सरकार के दबाब में जनता व जनप्रतिनिधियों के आवाज को दबाकर भ्रष्ट एवं निष्क्रिय जनप्रतिनिधियों को शासन के निर्देश पर उच्च अधिकारियों द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा इस तरह नियम के विरुद्ध कार्य के कारण क्षेत्र की जनता में शासन-प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।

निर्णय... कैबिनेट ने लिए कई निर्णय

# पत्रकार सुरक्षा कानून को मंजूरी, कामनवेल्थ सिल्वर मेडलिस्ट आकर्षी कश्यप बनेंगी उप पुलिस अधीक्षक

रायपुर। भूपेश कैबिनेट की बैठक आज विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में संपन्न हुई। कैबिनेट ने पत्रकार सुरक्षा कानून को मंजूरी दे दी है। साथ ही भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक का अनुमोदन किया गया।



विधायकों के वेतन-भत्ते संशोधन विधेयक को भी कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। वहीं सदन में रखे जाने वाले अन्य विधेयकों को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। कैबिनेट ने कामनवेल्थ सिल्वर मेडल विनर आकर्षी कश्यप को उप पुलिस अधीक्षक बनाने का भी फैसला लिया है। भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान सबा अंजुम को भी इसी तरह उप पुलिस अधीक्षक सरकार बनाया गया था। इस तरह आकर्षी कश्यप दूसरी खिलाड़ी हैं जिन्हें राज्य सरकार ने यह पद दिया है।

### मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय पढ़िए.

* छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक- 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
* छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता-1959 में (संशोधन) विधेयक 2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
* छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
* छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।
* छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति का अनुमोदन किया गया।
* छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन, भत्ते एवं पेंशन (संशोधन) विधेयक-2023 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए करीब 2500 करोड़ रूपये की विश्व बैंक परियोजना- चाक के क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया तथा ऋण को अंतिम रूप से स्वीकृति प्रदान करने के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया है।

* कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 बरमिंघम में सिल्वर मेडल प्राप्त कु. आकर्षी कश्यप, दुर्ग को उप पुलिस अधीक्षक (द्वितीय श्रेणी राजपत्रित) पद पर नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

प्रदर्शनकारी भाजपाइयों पर बलवा का जुर्म

# उग्रता दिखाने वाले सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर दो अलग-अलग थानों में एफ आई आर

रायपुर। विधानसभा घेराव के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प का मामला अब और तूल पकड़ सकता है। पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर दो अलग-अलग FIR दर्ज की हैं।



एक स्त्रड्ढक्र नगर निगम जोन 9 के अफसरों दर्ज कराई है। इसमें धारा 147 के तहत मामला दर्ज हुआ है। वहीं एक अन्य स्त्रड्ढक्र में धारा 147, 332, 353 और 186 के तहत विधानसभा थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने स्वत- ही एक मामला दर्ज किया है। वहीं एक अन्य मामला कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही पुलिस वालों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने जैसे आरोप भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर लगाए गए हैं।

नगर निगम जोन 9 के अफसरों ने जो मामला दर्ज कराया है, उसमें बताया गया है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के टीन शेड और बांस-बल्ली के बैरिकेड पिरदा चौक के पास लगाए गए थे । प्रदर्शनकारियों ने नेताओं ने इन्हें तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है।

# टोकरियों के साथ परंपरा सहेजतीं कलाकार और पर्यावरण के सरोकार

ग्रामीण भारत के लोग, विशेष रूप से खानाबदोश समुदाय, अनादि काल से परंपराओं को अपने जीवन और जीविका के रूप में जीते रहे हैं। लेकिन दुखद है कि अक्सर उन्हें नजर अंदाज कर दिया जाता है। और ऐसा तब है, जब हस्तशिल्प के नाम पर पूरे देश में मेले, प्रदर्शनियां और तरह-तरह के बाजार लगते हैं। उनका व्यवसाय पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त है।

राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल अजमेर के बाहरी इलाके में आबाद सरधना गांव में पारंपरिक टोकरी निर्माताओं का एक खानाबदोश समुदाय है, जो कच्चे और अस्थायी घरों में रहता है और ये लोग खुद को जोगी मानते हैं। इस समुदाय के पुरुष आमतौर पर बांस को महीन पट्टियों में विभाजित करते हैं, जिनका उपयोग कर महिलाएं जमीन पर टोकरी बुनती हैं और बेचती हैं।

सात परिवारों वाली सरधना की इस बस्ती में 20 साल की इंदिरा जोगी पिछले चार साल से टोकरी बनाकर बेच रही हैं। उन्होंने बताया कि करीब 400-500 साल से हमारे पूर्वज यही काम करते रहे हैं। हम टोकरियां बनाकर सड़क किनारे बेचते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से टोकरियों की बिक्री न के बराबर रह गई है, क्योंकि स्थानीय दुकानदार इनसे टोकरियां खरीदने के बजाय असम से मंगवाते हैं, जहां बांस की उपलब्धता के कारण टोकरियों की लागत कम पड़ती है। सरधना में टोकरी बनाने वाले समुदाय को अपनी एक टोकरी को तीस रुपये से कम में बेचने पर मुनाफा नहीं होगा। इंदिरा की सास मुंगो जोगी कहती हैं कि यदि हम छोटी टोकरी भी दस रुपये में बेच दें, तो लागत खर्च भी नहीं निकल पाता है। पूरा परिवार मिलकर एक दिन में करीब चार से पांच टोकरी ही बना पाता है। इसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री और बांस की कीमत करीब दो सौ रुपये पड़ती है।

इंदिरा के पति मुकेश ने बताया कि कई बार उन्हें होटलों के अंदर झोपड़ी जैसी संरचनाएं बनाने के ऑर्डर मिलते हैं। इसके अलावा इस समुदाय के पुरुष मजदूरी और अन्य काम भी करते हैं, लेकिन महिलाएं केवल टोकरियां ही बनाती हैं। डेढ़-दो दशक पूर्व इस समुदाय द्वारा बनाई गई टोकरियों का उपयोग पशु चारा खिलाने के लिए किया जाता था। लेकिन अब सस्ती और अच्छी गुणवत्ता वाली प्लास्टिक की टोकरी आ जाने से लोग बांस की टोकरी नहीं खरीदते हैं। इससे इनके व्यवसाय को जबर्दस्त नुकसान हुआ है। मुंगो जोगी कहती हैं कि हम और क्या कर सकते हैं? हमारे पूर्वजों ने हमें केवल यही काम सिखाया है। हमें उनका अनुसरण करना है। हमें कोई दूसरा काम भी नहीं देता है। हम कभी स्कूल नहीं जा पाए, न ही हमारे पास करने के लिए कोई और काम या खेती है।



सरधना गांव में पारंपरिक टोकरी निर्माताओं का समुदाय न केवल पारंपरिक शिल्प को बचाता है, बल्कि प्रदूषण कम करने में भी योगदान देता है।

मुंगो के घर के ठीक बगल में 30 वर्षीय जमना रहती है, जिसकी 12 वर्षीय बेटी एकुम पास के एक सरकारी स्कूल में पांचवीं की छात्रा है। एकुम ने अभी टोकरियां बनाना शुरू नहीं किया है, लेकिन जमना का मानना है कि वह भी यह काम सीख लेगी। फिलहाल एकुम और उनके छोटे भाई-बहन और अन्य बच्चे कूड़ा बीनने का काम करते हैं।

नवरात्रि के दौरान इनकी ठीक-ठाक कमाई हो जाती है, जब वे रावण के पुतले बनाकर शहर में बेचते हैं। जमना जोगी ने बताया कि शादियों में इन टोकरियों की मांग आज भी है। इन टोकरियों का उपयोग विवाह के अवसर पर सामान और कपड़े आदि भेजने के लिए किया जाता है। बांस की टोकरी बनाना आसान नहीं है। टोकरी के फ्रेम के चारों ओर लपेटने से पहले बांस के स्टैंड को पानी में डुबाया जाता है, फिर बुनाई शुरू होती है। फ्रेम के चौड़े किनारों को जोड़ने के लिए उसे चाकू से पतली पट्टियों में काटा जाता है। कई बार बांस की किरचें उंगलियों में चुभ जाती हैं, जिससे बहुत दर्द होता है। अब मवेशियों को खिलाने के लिए प्लास्टिक की टोकरियों की मांग अधिक हो गई है, क्योंकि वे मजबूत और सस्ती होती हैं। इसके बावजूद सरधना समुदाय की महिलाएं टोकरियां बनाती हैं, क्योंकि वे न केवल पारिवारिक शिल्प और कला की रक्षा करती हैं, बल्कि देश को प्रदूषण से भी बचाती हैं। ऐसे में बांस की टोकरियों की उपेक्षा प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त हस्तकलाओं की उपेक्षा ही मानी जाएगी।

शेफाली मार्टिन्स

## संपादकीय

# विकास दर प्रभावित

विस वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही, अक्टूबर-दिसम्बर में हमारी जीडीपी की विकास दर लुढ़क कर 4.4 फीसदी दर्ज की गई है। पहली तिमाही, अप्रैल-जून में विकास दर 13.2 फीसदी तक उछली थी और दूसरी तिमाही, जुलाई- सितम्बर, में भी 6.3 फीसदी रही थी। उन्हीं के आधार पर अनुमान लगाये गये थे कि मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान औसत विकास दर 7 फीसदी के करीब रह सकती है, लेकिन अब उस स्तर को छूना है, तो अन्तिम तिमाही, जनवरी-मार्च में यह दर कमोबेश 5.1 फीसदी होनी चाहिये। लाल संकेत ये हैं कि अर्थशास्त्रियों के आकलन हैं कि अन्तिम तिमाही में विकास दर 4 फीसदी के करीब हो सकती है। इसके मायने ये नहीं हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था उबरने के बाद फिर गोता खाने की स्थिति में पहुंच गई है। अन्तर्राष्टीय स्तर पर अब भी भारत की विकास दर अमरीका, जर्मनी, फ्रांस, जापान आदि देशों से बहुत बेहतर स्थिति में है। हम चीन के लगभग बराबर ही हैं, लेकिन तीसरी तिमाही के दौरान निजी खपत की मांग, सरकारी व्यय, निर्यात और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई है, नतीजतन विकास दर भी प्रभावित हुई है। लोगों की क्रय-शक्ति कम हुई है, तो मांग घटी है। मांग और खपत परस्पर पूरक हैं। मांग कम होगी, तो कारखाने उत्पादन भी कम करेंगे। नतीजतन रोजगार भी प्रभावित होगा। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 1.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि बीते वर्ष इसी तिमाही में यह दर 11.2 फीसदी थी। मैन्यूफैक्चरिंग जीडीपी का बेहद महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में एक है।

# बजट सत्र में बजट पर चर्चा कब होगी? क्या इस तरह हंगामा लोकतंत्र का अनादर नहीं है ?

*संसद का मौजूदा बजट सत्र का पहला भाग हंगामे की भेंट चढ़ गया। उम्मीद थी कि होली के बाद बजट सत्र का दूसरा भाग लोकतांत्रिक ढंग से संचालित हो पाएगा। लेकिन फिलवक्त बजट सत्र के दूसरे भाग का हश्र भी पहले भाग जैसा होता दिख रहा है। पिछले कई वर्षों से संसद का सत्र शुरु तो बड़ी गर्मजोशी के साथ होता है मगर खत्म जनता के पैसे की बर्बादी के साथ होता है। बजट के पहले सत्र में कांग्रेस समेत विपक्ष के कई दलों ने अडाणी मामले को लेकर संसद का काम ठप किया। तो वहीं दूसरे भाग में विपक्ष अडाणी मामले पर जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) के गठन की मांग को लेकर अड़ा है। तो वहीं सत्ता पक्ष के हाथ भी विपक्ष को घेरने का मुद्दा लग गया है।*

दरअसल, हाल ही में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उन्हीं से सत्ता पक्ष विपक्ष पर हमलावर है।

राहुल गांधी ने ब्रिटेन में भारत में लोकतंत्र को खतरे में बताते हुए कहा था कि संसद में उनको बोलने नहीं दिया जाता। इसे लेकर सत्ता पक्ष का कहना है कि राहुल गांधी ने लोकतंत्र के साथ देश का भी अपमान किया है इसलिए उनको क्षमा याचना करना चाहिए जिस पर कांग्रेस का पलटवार है कि विदेशों में राष्ट्रीय मुद्दों पर आलोचना की शुरुआत खुद प्रधानमंत्री ने की इसलिए वे माफी मांगें। दोनों तरफ से तलवारें खिंची हुई हैं। सत्ताधारी योद्धा झुकने को राजी हैं और न ही विपक्ष के महारथी। बजट सत्र में बजट पर चर्चा को छोड़कर बाकी सब हो रहा है। मोदी सरकार के इस कार्यकाल का यह अंतिम पूर्ण बजट है। अगले वित्त वर्ष का



दोनों तरफ से तलवारें खिंची हुई हैं। सत्ताधारी योद्धा झुकने को राजी हैं और न ही विपक्ष के महारथी। बजट सत्र में बजट पर चर्चा को छोड़कर बाकी सब हो रहा है। मोदी सरकार के इस कार्यकाल का यह अंतिम पूर्ण बजट है।

बजट 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद बनने वाली सरकार द्वारा पेश किया जावेगा। चुनावी वर्ष के मद्देनजर सत्तापक्ष ने बजट को लोक लुभावन बनाने की कोशिश की जबकि विपक्ष ने शुरुआती प्रतिक्रिया में ही उसे जनविरोधी बता दिया था। बजट का विस्तृत अध्ययन करने सत्र के बीच अवकाश भी दिया गया किंतु दूसरा चरण शुरू हुए तीन दिन बीत जाने पर भी इस महत्वपूर्ण विषय पर विचार करने की जरूरत किसी को महसूस नहीं हो रही। डॉ. लोहिया आम जनता को मुल्क के मालिकों कहकर संबोधित किया करते थे किंतु आजकल इस संबोधन को हमारे सांसदों ने एक तरह से चुरा लिया है और जनता की जगह वे खुद को देश का मालिक समझ बैठे हैं। तभी तो सदन में हंगामा करते हुए लोकतंत्र का मजाक बनाने के बाद भी वे जनता के बीच जाने से नहीं डरते। ये स्थिति वाकई शोचनीय है। जब सदन को चलना ही नहीं है तब उसके संचालन पर प्रतिदिन करोड़ों का खर्च क्यों किया जाए ये सवाल उठना स्वाभाविक है। विदेश में जाकर लोकतंत्र का अपमान तो बाद की बात है लेकिन हमारे सांसद लोकतंत्र के मंदिर में बैठकर जिस उद्दंडता और अशालीनता का परिचय दे रहे हैं वह ज्यादा बड़ा अपमान है। संसद में एक घंटे की कार्यवाही पर कितना खर्च होता है। करीब 1.5 करोड़ रुपया यानि हर मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपया। ऐसे में स्वयं इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि संसद के दोनों सदनों में होने वाले बॉयकाट और हंगामे से जनता का कितना पैसा बर्बाद हो जाता है। मोटे तौर पर देखा जाए तो संसद में सालभर के तीन सत्रों में छह से सात काम के होते हैं। इनमें भी अगर अवकाश और सप्ताहांत के दिनों को निकाल दें तो दो से तीन महीने और कम हो जाते हैं।

इस लिहाज से साल भर में वास्तविक काम के दिन 70-80 ही होते हैं, लेकिन इतने दिन भी संसद चल नहीं पाती। 1982 ही एकमात्र ऐसा साल था जब हमारी संसद 80 दिन चल पाई थी। संसदीय आंकड़ों के अनुसार दिसम्बर 2016 के शीत कालीन सत्र के दौरान करीब 92 घंटे व्यवधान की वजह से बर्बाद हो गए थे। इस दौरान करीब 144 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था, जिसमें 138 करोड़ रुपये संसद चलाने का खर्च और 6 करोड़ रुपये सांसदों के वेतन, भत्ते और आवास का खर्च शामिल है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

## मिला जुला

# जिला शिक्षाधिकारी के साथ किया गया दुर्व्यवहार, कौन कर रहा शिक्षा गुणवत्ता के साथ खिलवाड़

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

हमारे संवाददाता ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ नवीन जिला गठन पश्चात लगातार शैक्षणिक संस्थाओं का दौरा कर ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की जिसमें हमाने पाया कि जिलाशिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े द्वारा नवगठित जिले में शांति पूर्ण तरीके से बोर्ड परीक्षा का संचालन कराया जा रहा है। कर्मचारियों के हितों के अनुरूप त्वरित निर्देश एवं कार्यवाही किये जा रहे हैं। नए जिले में संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा स्तर को दृढसँकल्प के साथ नई ऊंचाई तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में प्राथमिक शाला के रिक्त पद पर पदौन्नति की कार्यवाही की जा रही है जिससे शिक्षक संवर्ग में अपने हितों को लेकर हर्ष व्याप्त है, लगातार सुव्यवस्थित अध्ययन अध्यापन के लिए लगातार कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं का संघन दौरा किया जा रहा है।




जिसमें शिक्षा स्तर की स्थिति में भी काफी सुधार देखा जा रहा है। फिर भी कौन कर रहा है शिक्षा गुणवत्ता को तार तार विश्वस्तसूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षा का संचालन हो रहा है जिसमें सभी प्रशासनिक अधिकारी गम्भीरता पूर्वक अपनी जवाबदारियों को भलीभांति निर्वहन कर रहे हैं। किंतु कुछ ऐसे तथाकथित शिक्षक के द्वारा परीक्षा के दरमियान बिना अनुमति प्राप्त किये आंदोलन रैली एवं धरना का प्रदर्शन कर शिक्षा गुणवत्ता का एवं अपनी दायित्यों के विपरीत कार्य कर संलिप्त पाया गया जिससे अपनी बच्चों के प्रति इतने भी जागरूक नहीं है इस बात की पुष्टि यह अनाधिकृत धरना, आंदोलन और रैली ही स्वयं गवाह है। सूत्रों से यह ज्ञात हुआ है कि जिले में पदस्थ अनुसूचित जाति के एक महिला अधिकारी के साथ तथा कथित संघ के कुछ शिक्षकगण ने कार्यलय में आकर दबाव पूर्वक अपने कार्य को करवाने के लिए अधिकारी के साथ उनका कक्ष में ही अभद्र भाषा के साथ व्यवहार किया तथा कार्यलय के बाहर में हंगामा किया गया। क्या सारंगढ़ प्रशासन मौन है? क्या महिला जिले में सुरक्षित नही है? इसकी जवाबदारी कौन लेगा कब तक होगी कार्यवाही यह देखने वाली बात है।

## अमर्यादित बयान का क्रांतिकारी शिक्षक संघ ने किया निंदा व विरोध

क्रांतिकारी शिक्षक संघ द्वारा बताया गया कि 15 मार्च को कुछ तथाकथित संघ पदाधिकारी द्वारा मीडिया के माध्यम से दी गई वक्तव्य जिसमें शिक्षिकीय गरिमा को तार तार करते हुए स्तरहीन निंदनीय बयान दिया गया। जिससे आगे क्रांतिकारी शिक्षक संघ का कहना था कि डीईओ सारंगढ़ डेजी रानी जांगड़े के कार्य से हर्ष छग क्रांतिकारी शिक्षक संघ ने हर्ष व्यक्त किया था क्योंकि इनकी कार्य की बात निराली है। शराबी शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही करे बच्चों को मारने पीटने वाले शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही करें तो इसमें कौन सा गलत है इसमें लोग न जाने ऐसे ऐसे शिक्षक है जिसको तखलिफ हो रहा है। तखलिफ उसी शिक्षक को होना चाहिए जो खुद सभी पर संलिप्त होगा। यहां देखे एक शिक्षक तो ऐसा भी है जिन्होंने कैसे अमर्यादित शब्दों के साथ जिस पर टिप्पणी करते हुए दलाल तलवा चाटने वाले शिक्षक कहते हुए आगे स्तरहिनता की पराकाष्ठा माता पिता के जन्म पर अशोभनीय वक्तव्य देना बेहद शर्मनाक है जिसकी छग क्रांतिकारी शिक्षक संघ कड़े शब्दों में निंदा कर विरोध करता है यह बताना लाजिमी होगी की कुछ तथाकथित संघ पदाधिकारी पहले कार्यालयों में अटैच होकर अपने खाते में वेतन एरियर्स के नाम पर लाखो रुपए का फर्जीवाड़ा कर अपने खाते में जमा करा लिया जाता था ऐसे तथाकथित संघ पदाधिकारी दलालों के सरदार अध्यक्ष का दुकानदारी दलाली बंद होने से बौखला, दिमागी दिवालिया आपा खो कर अशोभनीय अमर्यादित निंदनीय स्तरहीन बयान में सदैव माहिर है जो किसी से छिपा नहीं है यही बर्ताव जिला में पदस्थ ईमानदार नेक कुशल व्यवहार की धनी संवेदनशील अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी जांगड़े को कार्यालीन समय में बेहूदा ऊंचा आवाज में बात करते हुए दुर्व्यवहार करने पर डीईओ द्वारा फ टकार लगाई गई की आप शालीनता से बात करें जिससे बौखलाकर शिक्षकों को भ्रमित कर अनावश्यक उकसाकर अपने व्यक्तिगत महत्वकांक्षा के लिय हड़ताल के लिये उकसाया जाता है क्यों? यह छग क्रांतिकारी शिक्षक संघ सारंगढ़ ने अमर्यादित स्तरहीन अमानवीय बयान का कड़े शब्दों में भर्त्सना एवं विरोध करता है।

** ऐसे शब्दों का उपयोग किसी शिक्षक को नहीं करना चाहिए बहुत ही निंदनीय व अमर्यादित भाषा है बच्चों को क्या शिक्षा देंगे शिक्षक जिसकी लब्ज पर सरस्वती नहीं बल्कि दुराचार का भंडार है*

***लैलून भारद्वाज प्रदेश अध्यक्ष क्रांतिकारी शिक्षा संघ***

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर बगीचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला नया एम्बुलेंस

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जशपुर जिला में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान बगीचा विकासखंड के ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा के लिए एक एम्बुलेंस की मांग की थी। मुख्यमंत्री बघेल ने लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए और दूरस्थ अंचल में पाठ क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देने के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के निर्देश मौके पर ही दिए थे। जिसके परिपालन में जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा के लिए खनिज न्यास निधि मद से एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। अब दूर दराज के मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा लाने के लिए एम्बुलेंस की सुविधा मिल रही है। जिससे गंभीर मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। एम्बुलेंस मिलने से बगीचा क्षेत्र के ग्रामीणजन खुश हैं एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिए है।




# सक्ती जिला के युवा मोर्चा ने रचा इतिहास

## विधानसभा के अन्तिम बैरिकेड तक पहुंचकर दी गिरफ्तारी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

15 मार्च को भाजयुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता विधानसभा घेराव करने रायपुर पहुंचे। भूपेश बघेल सरकार ने गरीबों के आवासों के रोक रखा है इसके विरोध में भाजपा द्वारा विधानसभा का घेराव करने हजारों की संख्या में कार्यकर्ता सभा स्थल से निकले रास्ते में पुलिस के द्वारा बैरिकेड लगाकर रास्ता रोका गया। जिला अध्यक्ष साहू ने प्रथम बेरीकेट्स को अपने कार्यकर्ताओं के साथ तोड़कर आगे बड़े दूसरा वेरीकेट भी तोड़ा पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश की लेकिन कार्यकताओं को साथ तीसरे बैरिकेड तक पहुंच गये वहां पर पुलिस द्वारा युवा मोर्चा को रोका लेकिन कार्यकताओं ने पुलिस को धकेल कर आगे बढ़ गए अन्तिम बेरीकेट तक पहुंचे गये वहां पुलिस द्वारा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को घसीट-घसीट कर बसों में बैठाकर जेल भेजा गया जिसमें युवा मोर्चा, अध्यक्ष लोकेश साहू, महामंत्री अभिषेक शर्मा, रवि पटेल, उपाध्यक्ष विक्रम प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल, राजा अग्रवाल, मंत्री राज कमल राठौर, शिवम जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, श्याम नायक, मनीष राते, संजय यादव, भूपेंद्र तिवारी, प्रकाश साहू, खेमेन्द नायक, योगेन्द्र साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जिले के समस्त विकासखण्डों में मनाया जा रहा विश्व ग्लुकोमा सप्ताह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत प्रति वर्ष 12 से 18 मार्च तक विश्व ग्लुकोमा दिवस मनाया जाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार एवं डॉ.मीना पटेल नोडल अधिकारी (अंधत्व) के दिशा-निर्देशन में रायगढ़ सहित जिले के समस्त विकासखण्डों में जन-जागरूकता लाने 12 मार्च से विश्व ग्लुकोमा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में विशेष रूप से बुनकर समूह सदस्यों के नेत्र का परीक्षण 14 मार्च को ग्राम-मुरा में किया गया। जहां

70 सदस्यों का जॉच कर 40 प्रेषबायोपिक चश्मा वितरण किया गया। इसी प्रकार 15 एवं 16 मार्च को रायगढ़ में बुनकर समूह के 100 सदस्यों का नेत्र जॉच कर 70 सदस्यों को नि:शुल्क प्रेषबायोपिक चश्मा वितरण किया गया। उपस्थित सदस्यों को नेत्र में ग्लुकोमा से होने वाली समस्या एवं उससे बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

यह बीमारी सामान्यत: 40 वर्ष के बाद शुरू होती है, आँख में एक तरल पदार्थ (एक्वस) भरा होता है यह तरल पदार्थ आँख के गोले को चिकना बनाए रखता है यदि इस तरल पदार्थ का रिसाव रूक जाये तो आंख के अंदर का दबाव बढ़ जाता है। जिससे प्रभावित आँखों में दाब सहने की क्षमता से अधिक हो जाता है फलस्वरूप नेत्र के पर्दे की तंतु को क्षति पहुंचाती है। जिससे दृष्टि चली जाती है। इस बीमारी से दृष्टि खराब होने के बाद उसका कहीं उपचार नहीं हो सकता है। इसे (काला मोतिया) भी कहा जाता है। ग्लुकोमा दो प्रकार के होते हैं एक प्रकार के ग्लुकोमा में आँख में तेज दर्द होता है, आँख लाल हो जाती हैं और दृष्टि कमजोर हो जाती है, जिसे एक्यूट कंजस्टिव ग्लॉकोमा कहा जाता है। इसका उपचार तुरंत कराने से कुछ दृष्टि वापस आ सकती है। दूसरे प्रकार के ग्लुकोमा में रोगी की आँख में दर्द नहीं होता और न आँख लाल होती है केवल दृष्टि धीरे-धीरे कम होने लगती है। नजदीक के चश्मे का नम्बर जल्दी-जल्दी बढ़ता है या कम उम्र में ही पढ़ने में कठिनाई होने लगती है। दृष्टि के चारों तरफ का दायरा भी कम होता जाता है। डार्क एडाप्टेशन टाईम (उजाले से अंधेरे में जाने पर आँखों को अंधेरे का अभ्यस्त होने में लगने वाला समय) बढ़ने लगता है। व्यस्कों में परिधीय दृष्टि की हानि होती है। दूर के प्रकाशीय आब्जेक्ट को देखने पर आब्जेक्ट के चारों ओर सतरंगी इंद्रधनुष दिखाई देता है। इसका निदान यह है कि 40 वर्ष उम्र के सभी व्यक्तियों को कम से कम साल में एक बार अपनी आंख की जांच नेत्र विशेषज्ञ से अवश्य कराना चाहिए। यदि ग्लुकोमा बीमारी की जानकारी हो जाती है तो दवाओं या ऑपरेशन से इसे नियंत्रण में रखा जा सकता है जो कि सामान्यत: दवाईयों से ही यह नियंत्रित हो जाता है। ऑपरेशन तभी करते हैं जब यह दवा से नियंत्रण में नहीं रहता या रोगी दवा नहीं डाल सकता या दवा नहीं खरीद सकता।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

थाना डबरा के अपराध क्रमांक 195/ 21 छत्तीसगढ़ शासन विरुद्ध राजेंद्र कुमार सिदार अपराध धारा 450 302 भारतीय दंड संहिता अभियोजन के अनुसार घटना का विवरण इस प्रकार है कि प्रकरण की प्रार्थनी पीली बाई पटेल द्वारा थाना डबरा में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई की ग्राम में अपने लड़का हितेंद्र नाते अपने पति के साथ रहती हैं उसका लड़का जितेंद्र आयुर्वेदिक दवाई बेचने का काम करता है अपनी पत्नी कांति सुधार का उसको लड़का हितेंद्र के साथ आना जाना था इसी कारण से कांति अपने पति के साथ नहीं रहती थी इसी कारण से अभियुक्त उसके लड़के जितेंद्र पटेल के साथ अपनी पत्नी शांति का अवैध संबंध होने की आशंका करता था 4 मार्च 2021 को शाम करीबन 4 बजे उसका लड़का बाहर से घर आकर कमरे में बैठा था तथा उसके नितिन हिमाद्री पटेल वहीं पर थे तभी उक्त अभियुक्त अपने गमछा में कुछ छुपा कर घर अंदर आया जिस कमरे में वह लोग थे वहीं आकर उसके लड़के ने हितेन को हत्या करने के नियत से पेट में धारदार चाकू मार दिया और घर से निकल कर भाग गया चोट लगने के कारण का लड़का छटपटा ने लगा खून बह रहा था उसी समय नातिन रतन कुमार पटेल अपने पिता को जख्मी हालत में चोट लगे वाले जगह में कपड़ा डाल कर रखा था नथनी ने सूचना 112 डायल की जिसकी मदद से हितेंद्र को उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डबरा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत होना बताया उसके लड़के हितेंद्र की मृत्यु राजेंद्र कुमार द्वारा चाकू से पेट में मारने के कारण आई चोटों से हुई है परसिया की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना डबरा प्रथम सूचना प्रतिवेदन क्रमांक 195/21 अपराध धारा 302 450 भारतीय दंड संहिता के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया मृतक का पीएम कराया गया घटना में प्रयुक्त चाकू एवं अन्य संपत्तियों को जप्त किया गया अभियुक्त का वर्णन कथन लिया गया संपूर्ण योजना उपरांत धारा 450, 302 भारतीय दंड संहिता के तहत अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय के समक्ष माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया चोपारण पश्चात प्रकार सत्र विचारों हेतु न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शक्ति में विचार किया गया अभियोजन की ओर से पक्षियों का परीक्षण कराया गया विचारण उपरांत माननीय प्रथम व सत्र न्यायाधीश श्री डीआर साहू ने अपने निर्णय में आरोपी राजेंद्र कुमार सिदार पिता सेठूराम शिकार सेठूराम उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पिपलौदा थाना जैजैपुर जिला शक्ति को भारतीय दंड विधान की धारा 450 के लिए 5 वर्ष कारावास एवं 1000 रूपये का दंड धारा 302 भारतीय अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 2000 रूपए की दंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से दुर्गा प्रसाद साहू अपर लोक अभियोजक शक्ति ने पैरवी की।




## एक नजर

### कलेक्टर ने किया बुधवारी बाजार का निरीक्षण

* आने वाले समय में दिखेगा बुधवारी बाजार ग्राउंड का खुबसुरत नजारा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।







कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया बुधवारी बाजार का निरीक्षण आने वाले समय में 100 फीट चौड़ी डिवाइडर युक्त रोड, बिसाल लाइबेरी जहां छात्रों को पड़ने के लिए सभी प्रकार की बुक उपलब्ध रहेगी। सक्ती के लिए स्वीकृत महाविद्यालय का भी शीघ्र होगा प्रारंभ, स्टेडियम के आगे लगेंगी सुन्दर आकर्षक मुर्तियां एवं स्टेडियम का होगा डेवलपमेंट जहां वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, स्टार टेनिस युक्त बनेगा स्पोर्ट कंपलेक्स स्टेडियम, बकाया स्थान पर बनेगा कॉम्प्लेक्स जहां पर सभी प्रकार दुकानों लगाई जाएगी। कलेक्टर के साथ निरीक्षक में पहुंचे राजस्व विभाग की टीम, नगरपालिका मुख्य अधिकारी सौरभ तिवारी, तहसीलदार मनमोहन प्रताप सिंह, इंजिनियर, पटवारी, निरीक्षक, नगरपालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल पत्रकार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सहायक आयुक्त ने किया हॉस्टलों का आकस्मिक निरीक्षण

कार्य मे बरती लापरवाही, 1 मंडल संयोजक, 3 अधीक्षक को जारी हुआ नोटिस

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश में आज में प्रभारी सहायक आयुक्त संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे ने जिले के विभिन्न छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भाटापारा स्थित शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, पोस्ट-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास एवं पलारी स्थित प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, अनुसूचित जाति कन्या आश्रम में पहुंचकर व्यवस्थाओं एवं छात्र-छात्राओं से मिलकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।डोण्डे ने मौके पर विभिन्न हॉस्टलों में सफाई की व्यवस्था सही नहीं होने पर एवं मीनू के अनुरूप भोजन नहीं देने पर हॉस्टल अधीक्षकों के खिलाफ कड़ी नराजगी व्यक्त किया एवं व्यवस्था को सुधारने के निर्देश देते हुए भाटापारा में स्थित पोस्ट-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में पदस्थ छात्रावास अधीक्षिका मोनिका साहू, प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में पदस्थ छात्रावास अधीक्षिका हेमलता साहू एवं प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास में पदस्थ छात्रावास अधीक्षिका मंजूलता उइके को नोटिस जारी किया गया है इसके साथ ही पलारी के मंडल संयोजक एमपीण बांधे को कारण नोटिस जारी करते हुए 2 दिवस के भीतर जवाब देने कहा गया है।

## पुरानी रंजिश पर डांडगांव से लाठी डंडा और लोहे का राड से लैस होकर आए युवकों ने उदयपुर बाजार में जमकर मचाया उत्पात

जोहार छत्तीसगढ़-उदयपुर।

चार से पांच दिनों पूर्व ग्राम डांडगांव में जन्मदिन के पार्टी में उदयपुर के राकी राजवाड़े और डांडगांव के राहुल शर्मा से किसी बात को लेकर मारपीट हुआ दोनों पक्षों में मारपीट के बाद उदयपुर थाना में राहुल शर्मा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। उसी मारपीट की बात पर समझौता के लिए बातचीत करने राहुल शर्मा अपने कुछ साथियों के साथ बुधवार को उदयपुर आया था समझौते की बात हो रही थी इसी बीच वाद विवाद बढ़ गया और डांडगांव से लाठी डंडे से लैस होकर आए लडकों ने निहत्थे बातचीत कर रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग सहित उसके तीनों बेटों पर ताबड़ तोड़ हमला कर चार लोगों को घायल कर दिया। मारपीट का बाद घटना स्थल पर खून ही खून नजर आ रहा था। मारपीट में गंभीर रूप से घायल बासु राजवाड़े के सिर में कई टांके लगे हैं। अन्य घायलों में शामिल हिरासाय राजवाड़े उर्फ गड्डू का होठ कट गया है, सर में डंडे से वार किया गया है उंगली में चार टांके लगे हैं। सीताराम राजवाड़े को हाथ और पीठ में लाठी और डंडा और लोहे के हथियार से हमला किया गया है। खेमसाय राजवाड़े उम्र 42 साल के पीठ और हाथ पैर में चोट आई है। उदयपुर पुलिस द्वारा आहत हिरासाय की रिपोर्ट पर राहुल शर्मा और अन्य नामजद आरोपितों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।



## तब डॉ.रमन की नसीहत भी भूले, अब गाल बजा रही बीजेपी-हरेराम तिवारी

भाजपा राज में खनिज निधि का सबसे अधिक हुआ दुरुपयोग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



डीएमएफ यानि खनिज न्यास निधि के दुरुपयोग की जांच पर कांग्रेस अध्यक्ष के बयान का अनर्गल अर्थ निकाल कर उच्च स्तरीय जांच की मांग करने वाले बीजेपी नेताओं को जिला कांग्रेस ने वाहियात बयान से बचने की सलाह दी है। पार्टी की ओर से वरिष्ठ प्रवक्ता हरेराम तिवारी ने एक बयान जारी कर भाजपा के असरदार नेताओं को बीजेपी शासनकाल की याद दिलाते हुए उस दौर में सबसे ज्यादा खनिज न्यास निधि के दुरुपयोग करने की बात कही है। हरेराम तिवारी ने कहा कि आज डीएमएफ फंड की जांच की मांग करने वाले अपनी सरकार मे चिटफंड घोटाले, प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले, अंखफोडवा कांड, झलियामारी कांड, पीडीएफ घोटाला, डीएमएफ की बंदरबांट और शहर में हुए ओडीएफ यानि करोड़ों के शौचालय निर्माण घोटाले पर मुंह में दही जमाये बैठे थे। पैसा खुदा तो नहीं की परिपाटी का अनुसरण करने वाले जिले के बहुचरित्र भाजपाई नेता अपने सरदार डॉ रमन सिंह की वो नसीहत भी भूल गये जो ठीक विधानसभा चुनाव के पहले रायगढ़ में देते हुए डॉ रमन सिंह ने सत्ता वापसी के लिए एक साल तक कमीशन बंद करने को लेकर कही थी। तिवारी ने कहा कि सत्ता के दम पर नकटी तालाब की हत्या करने वाले आज गरीबों के रहनुमा बनने का स्वांग रच रहे हैं, जबकि शहर में गरीबों के शौचालय निर्माण पर पड़े डाके पर इनके मुंह कभी न खुले। हरेराम तिवारी ने कहा कि डेढ़ दशक तक कुर्सी से चिपककर गरीबों और वंचितों के हक पर अधिकार पूर्वक डाका डालने वाली और सत्ता की हनक में आम जनता की उम्मीदों का मर्दन करने वाली भाजपा आज भी पूंजीपतियों के साथ खड़ी है और छग में अदाणी की मददगार बनी हुई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव नजदीक देख कुर्सी वापस पाने की लालसा में भाजपा नेता केन्द्र से लेकर राज्य और जिला स्तर तक मुद्दाहीन और स्तरहीन राजनीति पर उतर आये हैं लेकिन इनके चाल चरित्र से वाकिब आम जनता भाजपा के किसी गाल बजाउ बयान पर ध्यान नहीं दे रही है। युवा से लेकर वरिष्ठ तक चारित्रिक पतन से जूझ रही बीजेपी में अब कारोबारी चेहरे संगठन की पतवार खेने की कोशिश कर रहे हैं। तिवारी ने कहा कि देश और दुनिया भर में लोकप्रियता की नई मिसाल गढ़ रहे विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल से भाजपा के केन्द्रीय खेमे तक मे बौखलाहट है जो अनर्गल बयानों के जरिये जाहिर होता रहता है, लेकिन इसके बावजूद बीजेपी के नेता विपक्ष की रीति निभाने की मजबूरी में कई तरीकों से अपनी पार्टी की फजीहत करने से बाज नहीं आ रहे।

## उचित राम ने कलेक्टर से कहा-घर में आत हे पानी, हो गिस बड़ सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण, रोजगार मूलक एवं जनसामान्य से संबंधित कार्यों का नियमित मॉनिटरिंग कर रहे है। जिससे कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो सके। इसी क्रम में उन्होंने घरघोड़ा विकासखण्ड में चल रहे जल जीवन मिशन, रीपा गौठान, स्वास्थ्य केन्द्र एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ग्राम-छर्राटांगर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। वे उचित राम के घर पहुंचे एवं उनसे बात करते हुए पूछा कि पहली कहा ले पानी लावत रहे, उन्होंने बताया कि पहली दुरिया रीहिस अब घर मा पानी आवत हे, दिन में दू-तीन बेर पानी आथे, बड़ सुविधा हो गिस हे। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने कहा अइसने सुविधा बर पईसा दे बर लागही, जिस पर श्री उचित राम ने मुस्कुराते हुए कहा, सुविधा मिलथ हे ता पईसा देबेच करबो। उन्होंने कलेक्टर श्री सिन्हा को घर पहुंच पेयजल मिलने पर धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने सरपंच एवं ग्रामीणों से जल जीवन मिशन के अंतर्गत के कार्यों की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कार्य की गुणवत्ता बेहतर है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने पीएचई से वर्तमान कार्य की प्रगति की जानकारी ली, विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में लगभग 480 कनेक्शन दे दिया गया है एवं शेष कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सरपंच से जल जीवन मिशन के सुचारू क्रियान्वयन हेतु ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर जलकर की राशि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्राप्त राशि से भविष्य में ग्राम पंचायत द्वारा जल जीवन मिशन के संचालन हेतु आवश्यक संसाधन, बिजली बिल एवं मैन पॉवर की समुचित व्यवस्था की जा सके। कलेक्टर सिन्हा ग्राम-बैहामुड़ा स्थित आदर्श गोठान पहुंचे, यहां उन्होंने रीपा के तहत विकसित किए जा रहे हैं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन मिनी राइस मिल, आयल मिल, ट्रेनिंग सेंटर, मशरूम सेंटर, कोसा यूनिट के निर्माण कार्यों की समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुर्गी पालन करने वाली गोवर्धन महिला समूह से चर्चा की एवं प्राप्त आय की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में संलग्न एजेंसी को कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर सिन्हा घरघोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, वहां उन्होंने निर्माणाधीन एनआरसी, मीटिंग हॉल, ओपीडी जैसे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एजेंसियों से चर्चा कर निर्माण कार्यों की समय-सीमा की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु किए जा रहे कार्यों को प्राथमिकता से किया जाए, क्योंकि यह जनहित का कार्य है अतः इसमें गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कार्य समय-सीमा में पूर्ण नहीं होने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के मूलभूत संसाधनों की जानकारी ली तथा डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयां लिखने के निर्देश दिए।



## लीनेस क्लब ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया




जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

लीनेस क्लब चिरमिरी पहल की माइक्रो चेयरपर्सन लीनेस नीलम राय द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी के 20 प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया। ये बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, स्केचिंग, साइंस मॉडल, बोर्ड डेकोरेशन आदि विभिन्न विधाओं में सक्रिय रहे हैं। लीनेस क्लब ने बच्चों के संवागीर्ण विकास में विद्यालय प्रबन्धन द्वारा किये जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर संस्था के प्राचार्य डॉ. डी एके उपाध्याय को सम्मानित किया तथा स्कूल के सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को बच्चों को निखारने में सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में रीना वर्मा, संजू बघेल, रविंदर कौर, कविता महाराज, शिल्पी जैन, नीतू जोशी, विमला पटेल, सीमा यादव आदि सम्मिलित हुए।

## सूचना शिविर सह फोटो प्रदर्शनी के जरिए दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

शिविर में पहुंचे लोगों ने फोटो प्रदर्शनी को बताया जन उपयोगी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए जिले के विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न गांवों के हाट-बाजार में सूचना शिविर सह छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को आकर्षक चित्र और संक्षिप्त जानकारी के साथ प्रदर्शित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बिजली बिल हाफ योजना, नरवा-गरूवा एवं घुरवा बाड़ी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, महिलाओं के लिए दाई दीदी क्लिनिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, स्वामी आत्मानंद सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल सहित अन्य शासकीय योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है, ताकि जनसामान्य को शासन की योजनाओं की जानकारी मिल सके एवं वे उनका लाभ उठा सके।

सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी के तहत 15 मार्च को बरमकेला विकासखण्ड के ग्राम देवगांव में साप्ताहिक हाट बाजार में पहला सूचना शिविर लगाया गया। इसी क्रम में आज पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-चिखली के हाट-बाजार में सूचना शिविर का आयोजन किया गया। लोगों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा वहां दी जा रही पुस्तकों, पाम्पलेट को पढ़ा और कहा कि यह प्रदर्शनी जनउपयोगी है। इस प्रदर्शनी को देखने आये लोगों में मालती बाई, सुलोचना सिदार, आरती चौहान, जया महंत, शिव कुमार, विनोद केवटा, माथुराम सिदार, राजकुमार निषाद, अशोक प्रधान, तिरूपति महंत, अर्जुन पैकरा, विनय चौहान ने भी शिविर की सराहना की और कहा कि यह प्रदर्शनी लोगों में एक जागरूकता का माध्यम है, जो लोग शासन की कई योजनाओं को नहीं जानते थे वे इस प्रदर्शनी की माध्यम से जरूर जान जाएंगे।

छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका न्याय का चार साल, संबल, हमारे बापू, आपके साथ-आपकी बात, जनमन, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना, हमर माटी-हमर कलेवा-हमर तिहार जैसे योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर साइबर सेल की सटोरियों पर बड़ी कार्यवाही

# 3 सट्टा खाईवाल समेत 19 सटोरिए गिरफ्तार, आरोपियों पर जुआ एक्ट के साथ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों तथा साइबर सेल की टीम को सट्टा खाईवालों और सट्टा पट्टी लिखने वालों पर प्रभावी कार्यवाही का निर्देश दिया गया है।**



निर्देशों के पालन में आज एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर साइबर सेल की टीम आज अपने सक्रिय मुखबिरों से जानकारी जुटाकर थाना कोतवाली और चक्रधरनगर क्षेत्र में सट्टा पट्टी लिखने वालों की मिली सूचना पर सिलसिलेवार तरीके से रेड कार्यवाही किया गया है जिसमें तीन सट्टा खाईवाल. मोहम्मद शाहनवाज उर्फ शानू निवासी मधुबनपारा रायगढ़, उदय बरेठ निवासी सुपा पुसौर तथा हेमराज बरेठ कबीरचौंक जूटमिल समेत 19 सट्टा-पट्टी लिखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनसे सट्टा, जुआ में लगी नगद रकम 30 हजार 20 रूपये नकद जप्त कर जुआ सामग्री पेन केलकुलेटर रजिस्टर के साथ करीब 5 लाख का सट्टा-पट्टी विवरण का हिसाब किताब मिला है। सायबर सेल की सट्टा रेड कार्यवाही में कोतवाली क्षेत्र में 10 सटोरिए तथा चक्रधरनगर क्षेत्र में 9 सटोरियों को रंगे हाथ सट्टा पट्टी रकम नोट करते पकड़ा गया है जिन पर संबंधित थाने में धारा 4 (क) सार्वजनिक द्यूत के तहत कार्यवाही के साथ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। सट्टा रेड कार्यवाही में साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, प्रदीप गहलोत, बृजलाल गुर्जर, आरक्षक धनंजय कश्यप, प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जटवार, महेश कुमार पंडा, नवीन शुक्ला, नंद कुमार पैकरा, प्रताप बेहरा, प्रदीप तिवारी, साविल चंद्रा, सुरेश सिदार, मुकेश यादव, विकास प्रधान और महिला आरक्षक मेनका चौहान शामिल थे।

### सटोरियों पर चलाए गए अभियान में पकड़े गए आरोपी

मोहम्मद शाहनवाज उर्फ सानू पिता स्वर्गीय कुतुबुद्दीन उम्र 34 साल निवासी मधुबनपारा थाना कोतवाली, मोहम्मद कलीम पिता मोहम्मद शरीफ 52 साल निवासी बाजीरावपारा थाना कोतवाली, कादिर खान पिता शेख रहीम उम्र 52 साल निवासी चांदमारी थाना कोतवाली, अजय ठाकुर पिता लाभ सिंह ठाकुर उम्र 35 साल निवासी सोनिया नगर कोतरा रोड थाना कोतवाली, शाहरुख खान पिता मुर्तुजा अली उम्र 20 साल मधुबनपारा थाना कोतवाली रायगढ़, गोकुल यादव पिता शिवनारायण यादव उम्र 42 साल निवासी केवड़ावाड़ी बस स्टैंड रायगढ़ थाना कोतवाली, संपत लाल साहू पिता सुशील चंद्र साहू उम्र 54 साल निवासी नया गंज इतवारी बाजार रायगढ़, सुनील यादव पिता टिंकू पिता गोपाल यादव उम्र 30 साल निवासी पंडरीपानी थाना चक्रधरनगर, महेश जयसवाल पिता स्वर्गीय लखन लाल जयसवाल उम्र 23 साल निवासी बोईरदादर गोवर्धनपुर थाना चक्रधरनगर, मोतीचंद चौहान पिता नटवर चौहान उम्र 41 साल विनोबा नगर थाना चक्रधरनगर, बबलू पाल पिता त्रिनाथ पाल उम्र 28 साल निवासी विनोबा नगर थाना चक्रधरनगर, दिलेश्वर भारती पिता स्वर्गीय भुनेश्वर भारती उम्र 23 साल निवासी रामभांठा थाना कोतवाली शिव कुमार कुर्रे पिता गोपाल प्रसाद उम्र 24 साल निवासी लक्ष्मीपुर थाना कोतवाली, बैजू यादव पिता मोहन लाल यादव उम्र 40 साल निवासी धांगरडिपा थाना कोतवाली, जावेद अली पिता जाकिर अली उम्र 28 साल निवासी चांदनी चौक तुर्कापारा रायगढ़ थाना कोतवाली, हेमराज बरेठ पिता कंगालू बरेठ उम्र 31 साल निवासी कबीर चौक जुटमिल रायगढ़, प्यारेलाल वारे पिता रसिया वाले उम्र 50 साल निवासी मिट्ठुमुड़ा राजीव नगर रायगढ़, उदय बरेठ पिता गर्जन बरेठ उम्र 44 साल ग्राम सुपा थाना पुसौर जगत राम बसंत पिता घुराऊ राम बसंत उम्र 36 साल निवासी बरपाली थाना पुसौर।

## जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभागार में आयोजित किया गया अभिव्यक्ति महिला जागरूकता कार्यक्रम'

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

13 मार्च से 19 मार्च 2023 तक जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के निर्देशन में अभिव्यक्ति महिला जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके तहत आज सुरक्षा सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर जिला पंचायत बलौदाबाजार सभागार में अभिव्यक्ति सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री रोमा श्रीवास्तव एसडीएम बलौदाबाजार, सचिन्द्र चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनूप वाजपेयी उप पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में मणिकंचन आंगनबाड़ी की महिलाओं एवं महिला शिक्षकों को महिला सुरक्षा एवं महिला अधिकार संबंधी विविध अधिनियमों की जानकारी दिया गया। इस अवसर पर




उपस्थित महिलाओं द्वारा अपने कार्य के दौरान, आम दिनचर्या में होने वाली आवश्यक बातों एवं अनुभवों को सभी के समक्ष साझा किया गया। साथ ही उपस्थित महिलाओं द्वारा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभिव्यक्ति महिला जागरूकता कार्यक्रम में दिए जा रहे जानकारियों एवं निर्देशों को अपने सहकर्मियों, साथियों एवं रिश्तेदारों को भी अवगत कराने की बात कही गई। कार्यक्रम में महिला प्रधान आरक्षक पिंकी कुर्रे, सीडब्लूसी अध्यक्ष संध्या वाजपेई, रूपा अस्थाना समाज सेवी संस्था द्वारा महिला सुरक्षा, महिला अधिकार, मानव तस्करी, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, साइबर सुरक्षा, कानून में महिलाओं को प्राप्त मूलभूत अधिकार आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक समझाया गया।

## शहर का प्रतिष्ठित व्यापारी व पूर्व अध्यक्ष को दुकान में घुसकर मारने वालों पर मामूली धारा लगाकर की गई एफआईआर

सिटी कोतवाली प्रभारी ने मामूली धारा लगा कर दूसरे पक्ष को पहुंचाया लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

शहर में आए दिन हो रहे अपराध में अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह अपनी एड़ी चोटी का जोर लगा कर काम कर रहे हैं वहीं उनके अधीनस्थ थाना प्रभारी उनकी मेहनत पर पानी फेर देने में कोई कसर भी नही छोड़ रहे हैं। मामला विगत दिनों शहर के मध्य पुराना बस स्टैण्ड के पास एमवी मार्केट में स्थित बुजुर्ग कपड़ा व्यापारी मोतीलाला टहलयानी उम्र 62 वर्ष को उसी की दुकान में आधा दर्जन लोग जिसमें प्रकाश नथानी उर्फ पिन्टु, गौरंग नथानी, अनुप नथानी, महेन्द्र नथानी, प्रेम थारानी व अन्य द्वारा प्रार्थी के बताये अनुसार घुसकर मारपीट किया गया, जिसको पूरा बाजार देखता रहा लेकिन इतनी बड़ी घटना खुलेआम हुई, मारपीट इतनी भयानक थी कि किसी ने



उस बुजुर्ग व्यापारी को बचाने का प्रयास नहीं किया, ये सब मामला सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है लेकिन जब व्यापारी इसकी रिपोर्ट लिखाने सिटी कोतवाली गया तो इस गंभीर अपराध पर मामूली धारा पर अपराध दर्ज कर व्यापारी को चलता कर दिया गया जिसके चलते बुजुर्ग व्यापारी भयभीत हैं कही उसे फिर दुबारा मारपीट न की जाए। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है क्योंकि उस बुजुर्ग व्यापारी को आधा दर्जन लोग उसकी दुकान में घुसकर मारते हैं जो सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है उसके बाद भी मामूली धारा लगाकर एफ आईआर दर्ज करना संदेह पैदा कर रहा है। जिसकी उच्च अधिकारियों को जांच करनी चाहिए संबधित अधिकारी के साथ शहर में शांति भंग करने वालो पर कड़ी कार्यवाही करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करना चाहिए जिससे शहर में अमन शांति बनी रहे।

# भूपेश बघेल का नक्सली रवैया सामने आया

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

**भारतीय जनता पार्टी की ओर से 15 मार्च को मोर आवास मोर अधिकार के तहत शांतिपूर्ण ढंग से लोकतांत्रिक तरीका से विधानसभा घेराव का आयोजन रखा था जिसमें बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि छत्तीसगढ़ की सरकार भूपेश बघेल ने बड़ी ही निर्दई पूर्ण आम जनता के ऊपर बमबारी किया भारतीय संविधान में हर एक व्यक्ति को अपने लोकतंत्र में अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है।**

चाहे वह आम जनता हो चाहे किसी भी संगठन हो चाहे कोई भी पार्टी हो सरकार इस प्रकार मनमानी रवैया से अपनी निष्क्रियता को दर्शा रही है केंद्र सरकार द्वारा आम जनता के लिए जो प्रधानमंत्री आवास की राशि छत्तीसगढ़ सरकार को दी थी लेकिन कांग्रेस सरकार ने आम लोगों के साथ छलावा करते हुए



उनकी सर से ही छत छीन लिया और जब वादा निभाने का समय आया तो इस प्रकार की रवैया देखने को मिला छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से आए दिन लूटपाट डकैती हत्याएं जैसे अनगिनत घटनाएं अन्याय अत्याचार सामाजिक के प्रति शोषण करने का भी रवैया सामने आया भूपेश बघेल पूरी तरह बौखलाई हुई है और मानसिक दृष्टि से विकलांगता को दर्शा रही है। अगर सरकार के इसी प्रकार रवैया रहा तो आम जनता तो अपने अधिकार से ही वंचित रह जाएगा मैं इसका पूरी तरह विरोध करता हूं कि कांग्रेस की सरकार जब से आई है और भ्रष्टाचार लिपत है उन्होंने अनगिनत आम जनता से जो वादे किए उसको निभाने में विफल रहा सरकार द्वारा पूर्ण रूप से शराबबंदी की घोषणा भी की है लेकिन आज छत्तीसगढ़ की सरकार शराब से ही कई 1000 करोड रुपए कमा रही है। मैं हरिश गेंडरे प्रदेश उपाध्यक्ष सतनामी समाज छत्तीसगढ़ महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल पलारी पार्षद नगर पंचायत पलारी आज इस प्रकार सामाजिक रवैया को देखता हूं तो बहुत पीड़ा होती है सतनामी समाज पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में 80 लाख संख्या में निवासरत करते हैं जिनकी आस्था के केंद्र गिरौदपुरी धाम है छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से गिरौदपुरी में ना एक ईट का निर्माण हुआ ना कोई जिर्णोद्धार हुआ और तो और कोर्ट के आदेश को भी सतनामी समाज के प्रति अनदेखा किया गया जो 16 प्रतिशत आरक्षण के संबंध में माननीय हाईकोर्ट ने आदेश किया आज कहीं ना कहीं यहां सरकार जातिगत विरोधी सरकार है गिरौदपुरी मेला में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी भी पार्टी के मुख्यमंत्री आज तक गिरौदपुरी मेला नहीं पहुंचे हर साल मुख्यमंत्री का आगमन होता है लेकिन इन्होंने यह साबित कर दिया कि कांग्रेस पार्टी का अधिवेशन महत्वपूर्ण है आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में जनता देख रही है समझ रही है इसका परिणाम आने वाला विधानसभा 2023 में इसको इसका खामजा भुगतना पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला बनने के बाद ग्राम पटेल यूनियन की प्रथम बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

ग्राम पटेल यूनियन की बैठक में 20 एवं 21 मार्च 2023 को सक्ती जिला के कलेक्टर कार्यालय जेठा के सामने अपनी एक सूत्रीय मांग पिछले 2013 से 8-9 वर्षों से बकाया है या नहीं दिया गया है पटेली कमीशन पारिश्रमिक को छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर से समन्वय स्थापित कर ग्राम पटेलों को शीघ्र दिलाए जाने की मांग के लिए दो दिवसीय धरना आंदोलन किया जाएगा ग्राम पटेल यूनियन की बैठक में बजट पेश करते हुए विधान सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पटेली कमीशन पारिश्रमिक 2000 से बढ़ाकर 3000 किए जाने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया गया उपरोक्त जानकारी ग्राम पटेल यूनियन के पदाधिकारी द्वय कामरेड अनिल शर्मा एवं रघुनंदन साहू ने दी है।

### प्राथमिक शाला ठाकुर नगर जोबी में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कापू।



दूरस्थ आदिवासी अंचल में रहने के बाद भी करोना काल जैसे विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा के स्तर को निरंतर रखकर पढ़ाई के साथ-साथ नवाचार के माध्यम से बच्चों के पढ़ाई के लिए जाने जाने वाला प्राथमिक शाला ठाकुर नगर जोबी हमेशा के तरह इस बार भी अपने मनमोहक अंदाज के लिए चर्चा का विषय बना रहा। जिसमें विदाई समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें नाच गान के साथ पांचवी के बच्चों विदाई दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य के कमाना के साथ बच्चों को उपहार स्वरूप में टिफिन पानी का बोतल शिक्षक शिक्षिका द्वारा बच्चों को दिए गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे आयोजन कर सरकारी स्कूलों का पढ़ाई के साथ-साथ कलाकृतियों को भी बढ़ावा दिया जा सकता है।

### भाजपा प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने ली सरगुजा संभाग जितवाने की जिम्मेवारी

कहा अब वो कर लें अपनी मूंछ मुड़वाने की तैयारी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कांग्रेस सरकार के कद्दावर नेता एवं मंत्री अमरजीत भगत के कांग्रेस की सरकार न बनने की स्थिति में अपनी मूंछ मुड़वा लेने के संकल्प पर भाजपा के प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि सरगुजा संभाग में भाजपा को जितवाने की जिम्मेवारी हमारी और वे कर लें अपनी मूंछ मुड़वाने की तैयारी। ज्ञात हो ऐसे ही प्रबल प्रताप के स्वर्गीय पिता दिलीप सिंह जूदेव ने 2003 में भाजपा की सरकार को लेकर अपनी मूछों को दाव पर लगाया था और प्रदेश में भाजपा को जीत दिलवाई थी।



प्रबल प्रताप ने कहा वचन तो वचन है मैं उम्मीद करता हूं कि संकल्पवान मंत्री महोदय भी अपने संकल्प से पीछे नहीं हटेंगे। अगर वे कांग्रेस को नहीं जीता पाए तो उन्हें अवश्य ही अपनी मूंछ मुड़वा लेनी चाहिए। कांग्रेसी मंत्री के इस बयान ने छत्तीसगढ़ की राजनीति में गर्माहट ला दी है और प्रबल प्रताप ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए घोषणा की है कि सरगुजा संभाग को जितवाने की अब मेरी जिम्मेवारी है और मैं मंत्री महोदय के संकल्प की पूर्ति हेतु हर संभव प्रयास करूंगा। प्रबल की रणनीति सरगुजा संभाग पर अपने पिताजी की भांति अपना वर्चस्व कायम करने का है। वक्त ही बतलाएगा कि इस दिलचस्प लड़ाई में क्या मंत्री अपने मूंछ की रक्षा कर पाएंगे या फिर अपने पिताजी की भांति प्रबल की प्रबलता सरगुजा के सिर चढ़कर बोलेगी।

### सात दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर 17 मार्च से

रायगढ़ स्टेडियम में होगा आयोजन, महिला एवं पुरूष दोनों ले सकेंगे भाग

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा 17 से 23 मार्च तक सात दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर रोड, रायगढ़ के ताईक्वांडो हॉल में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी उम्र के महिला एवं पुरूष भाग ले सकेंगे। यह प्रशिक्षण शिविर सायं 5.30 बजे से रात्रि 7 बजे तक आयोजित होगा, जो पूर्णरूप से नि:शुल्क है।

## अपैक्स क्लब द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय स्वामी आत्मानंद स्कूल चिरमिरी को सम्मानित किया

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

अपेक्स क्लब चिरमिरी द्वारा विद्यालय के उत्कृष्ट क्रियाकलाप के आधार पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी को उत्कृष्ट विद्यालय के रुप में सम्मानित किया गया। स्वामी आत्मानंद स्कूल में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के अंदर की प्रतिभाओं को स्कूल के प्राचार्य एवं स्कूल स्टाफ के कड़ी मेहनत से निखारने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। जिसका अपैक्स क्लब के पदाधिकारीयों ने अवलोकन किया उसी आधार पर उत्कृष्ट विद्यालय के रुप मे चयन कर संस्था को सम्मानित किया। उक्त सम्मान अपैक्स




क्लब अध्यक्ष रविन्द्र कौर ने प्राचार्य डॉ. डीके उपाध्याय को प्रदान किया। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की स्केचिंग, पेन्टिंग, छत्तीसगढ़ संस्कृति धरोहर, विज्ञान मॉडल, खेलकूद, हाउस बोर्ड सज्जा आदि कई तरह की गतिविधियां विद्यालय में देखने को मिली। अपैक्स क्लब की सर्विस प्रोजेक्ट डायरेक्टर नीलम राय द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के कुशल प्रबंधन के लिए संस्था के प्राचार्य डॉ. डीके उपाध्याय, तुकेश्वर पटेल प्रधान पाठक माशाला, इश्मीत कौर कोहली प्रधान पाठक प्राथमिक शाला को अपेक्स क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यक्ष रविंदर कौर ने बताया कि अपैक्स क्लब एक इंटरनेशनल क्लब है हमारे देश के साथ साथ अन्य 7 अन्य देशों में बेहतर शिक्षा और उत्थान सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता आदि के लिये कार्य हो रहे हैं। सम्मान समारोह में अपैक्स क्लब के पदाधिकारी, संस्था के शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संस्कार पब्लिक स्कूल में हुई पैरेंट्स काउंसलिंग

रामचंद्र ने किया मार्गदर्शन, दिए उज्जवल भविष्य के टिप्स

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले की प्रतिष्ठित संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में विगत दिवस पैरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया। संस्था की प्राचार्या रश्मि शर्मा ने बताया कि प्रसिद्ध मोटीवेटर रामचंद्र शर्मा ने पालकों से बातचीत कर काउंसलिंग की। जिसमें बच्चों की शिक्षा का स्तर कैसे बनेगा, कैसे पैरेंट्स इसमें योगदान दे सकते हैं। बच्चों की बढ़ती उम्र में क्या क्या बदलाव आता है, कैसे उसको




हैंडल करना चाहिएए बच्चों की प्राथमिकताएं कैसे बदलती रहती है, कैरियर का चुनाव कैसे करना चाहिए आदि बातों पर प्रकाश डाला गया।

### पेरेंटिंग में बदलाव पर भी चर्चा

*रामचंद्र शर्मा ने यह भी बताया कि आज के दौर में पेरेंटिंग में बदलाव कैसे आया हैए पहले और अभी में बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिएए कैसे उनको स्कूल, समाज, परिवार, संस्कृति से जोड़कर रखना चाहिए। इस काउंसलिंग में कक्षा पहली से 11 वीं तक के पालक शामिल हुए थे जिन्होंने इस काउंसलिंग का लाभ बताया। प्राचार्या रश्मि ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम वर्ष भर होते रहेंगे। इस दौरान पालकों के साथ साथ सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे।*

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 18 मार्च 2023

## अपेक्षा पोरवाल ने शुरू की स्लेव मार्केट 2 की शूटिंग



अभिनेत्री अपेक्षा पोरवाल, जो अपनी पहली सीरीज अनदेखी से प्रसिद्ध हुईं और बधाई दो और अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी-अरबी शो स्लेव मार्केट के पहले सीजन में भी नजर आई थीं, उन्होंने अब अबू धाबी में शो के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।

स्लेव मार्केट 20वीं शताब्दी की शुरूआत में स्थापित एक पीरियड ड्रामा है, जब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बहुत ही संगठित तरीके से दासतां का अभ्यास किया जाता था। लसाद कुसलती द्वारा निर्देशित, सीरीज में ब्रिटिश लाइन, अरब लाइन, अफ्रीकी लाइन और भारतीय लाइन शीर्षक वाली पांच कहानियां शामिल हैं। सभी कहानियां उस अवधि के दौरान गुलामी और उसके प्रचलन के सामान्य विषय से संबंधित हैं।



## अपनी वैल्यू करना सिखाता हैं पॉप कौन में नूपुर सेनन का किरदार

एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन सिगर-एक्ट्रे नूपुर सेनन पॉप कौन के साथ ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि कॉमेडी शो में उसका करेक्टर एक फेमिनिस्ट है, और यह उनके अपने वैल्यू सिस्टम को दर्शाता है। अपने किरदार को निखारने में हर संभव प्रयास करते हुए सेनन ने कहा कि पीहू का किरदार ही असली प्रेरक शक्ति है।

शो का नाम हटकर है और इसका आधार फिल्म में कुणाल के किरदार के पिता को ढूंढना है। मेरा किरदार पीहू है। मैं कुणाल की प्रेमिका की भूमिका निभा रही हूं। उनके रिश्ते को खूबसूरती से उकेरा गया है। उन्होंने कहा, शादी के मुकाम तक पहुंचने के लिए वे सभी बाधाओं से गुजरते हैं। जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी, मुझे यह किरदार बहुत पसंद आया। वह उनमें से हूं, जो हर चीज में लॉजिक ढूंढती हैं। वह एक फेमिनिस्ट हैं जो एक ऐसा पहलू है जो मेरी अपनी वैल्यू सिस्टम को दर्शाता है। वह बहुत सारे सवाल पूछती है और अपनी राय रखने से कभी पीछे नहीं हटती है। लेकिन उस करेक्टर में एक ऐसा पहलू था जिस पर उन्हें वास्तव में काम करना है। उन्होंने कहा: पीहू का किरदार निभाते वक्त मुझे फिल्म की उन बारीकियों को समझने के लिए काम करना पड़ा। सेट पर होना बहुत खुशी की बात थी, रचनाकारों के साथ काम करना, विशेष रूप से मेरे निर्देशक फरहाद सामजी के साथ काम करना, जिन्होंने मुझे पूरी तरह से निर्देशित किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि मैं अपने किरदार की लय को जानती हूं।

## रेड बिकिनी पहने नेहा मलिक ने किए सेक्सी कर्व्स फ्लॉन्ट, फोटोज देख आहें भरने लगे फैंस

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्डनेस के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में नेहा मलिक ने अपने बोल्ड लुक्स से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। नेहा मलिक हमेशा अपनी हॉटनेस का जादू सोशल मीडिया पर बिखेरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की हाई पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने बालकनी में रेड कलर की बिकिनी पहने हुए हॉटनेस का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख कर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। जिन्हें देखकर लोगों के दिलों की धड़कने बढ़ गई हैं। नेहा मलिक जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार लूटाते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के हुस्न के चर्चे हमेशा ही लाइमलाइट में रहते हैं।



## सर्जरी के बाद दीपशिखा नागपाल ने शुरू की शूटिंग



फिल्म और टीवी एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल वर्तमान में 'ना उम्र की सीमा हो' शो में नजर आ रही हैं। हाल ही में उनकी एक बड़ी सर्जरी हुई है। एक्ट्रेस ने इससे उबरने और काम फिर से शुरू करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, हाल ही में मैं फूड प्वाइजनिंग से बीमार हो गई थी, जिसके कारण मुझे पेट में बहुत दर्द हो रहा था। मैंने एक डॉक्टर से संपर्क किया जहां डॉक्टर ने मुझे जांच कराने के लिए कहा क्योंकि यह दर्द लगातार बना हुआ था। मैंने सोनोग्राफी कराई और पता चला कि मेरे पेट में सिस्ट हैं, जिसका आकार गर्भ में पल रहे 10 सप्ताह के भ्रूण के बराबर था। डॉक्टर ने मुझे इसे को हटाने की सलाह दी और बताया कि अगर इलाज नहीं किया गया तो सिस्ट (गांठ) मेरे स्वास्थ्य को और खराब कर सकती हैं। चूंकि शो में एक बड़ा ड्रामा सीक्वेंस आने वाला था, इसलिए मैं अपने शेड्यूल से पूरी तरह से पैक थी, इसलिए बिना किसी को बताए मैंने अपने सीन के हिस्से को पूरा किया और अपने छुट्टी वाले दिन का इंतजार किया और फिर सिस्ट को हटाने के लिए सर्जरी करवाई।

## कंगना रनौत ने पूरी की चंद्रमुखी 2 की शूटिंग

एक्ट्रेस कंगना रनौत ने चंद्रमुखी 2 की शूटिंग पूरी कर ली और को-स्टार राघव लॉरेंस के लिए एक नोट लिखा। कंगना ने इंस्टाग्राम पर लॉरेंस के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा: मैं आज चंद्रमुखी की शूटिंग पूरी कर ली है, मुझे कई अद्भुत लोगों को अलविदा कहना बहुत मुश्किल लगता है, जिनसे मैं मिली थी, मेरे पास इतना प्यार क्रू था। मेरे पास राघव लॉरेंस सर के साथ कोई तस्वीर नहीं थी क्योंकि हम हमेशा फिल्मी वेशभूषा में होते हैं इसलिए आज सुबह शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने एक फोटो के लिए अनुरोध किया।

मैं सर से बहुत प्रेरित हूं। उन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में अपना करियर शुरू किया था, वास्तव में एक बैक डांसर के रूप में, लेकिन आज वह न केवल एक ब्लॉकबस्टर फिल्म सुपरस्टार हैं बल्कि एक अविश्वसनीय रूप से अद्भुत इंसान भी हैं। जा रहा है। आपकी हास्य अद्भुत भावना और मेरे जन्मदिन के लिए सभी उपहारों के लिए धन्यवाद, सर। आपके साथ काम करके बहुत अच्छा



समय बीता। 2005 में रिलीज हुई फिल्म की प्रीक्वेल में सुपरस्टार रजनीकांत और ज्योतिका सरवनन ने अभिनय किया था। चंद्रमुखी मलयालम फिल्म मणिचित्राथझु की रीमेक थी और इसे हिंदी में अक्षय कुमार-स्टारर भूल भुलैया के रूप में रूपांतरित किया गया था। चंद्रमुखी 2 में, कंगना राजा के दरबार में एक प्रसिद्ध नर्तकी की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो अपनी लुभावनी सुंदरता के लिए जानी जाती है।



# रोहित-विराट तोड़ सकते हैं शतक का रिकॉर्ड

### सिर्फ तीन महीने में 1000 रन के करीब गिल, जानें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कौन से रिकॉर्ड दांव पर

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज से वनडे सीरीज का आगाज हो चुका है। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए इसलिए भी अहम है, क्योंकि साल 2023 वनडे वर्ल्ड कप का है और भारत में ही यह टूर्नामेंट होना है। दोनों टीमें लगभग 3 साल बाद मिल रही है। आखिरी बार 2 दिसंबर 2020 में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मुकाबला खेला गया था।

सीरीज के आगाज के साथ ही अब कई रिकॉर्ड भी दांव पर लगे हैं। शुभमन गिल के साल 2023 में इंटरनेशनल क्रिकेट में हजार रन पूरे होने से ले कर, रोहित-विराट के शतक तक, इस स्टोरी में हम जानेंगे कि टीम इंडिया और उसके खिलाड़ी कौन से नए रिकॉर्ड तोड़ सकते है...

रोहित शर्मा और विराट कोहली तोड़ सकते है सचिन के शतक का रिकॉर्ड

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के पास सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया में सचिन के नाम वनडे में सबसे ज्यादा शतक हैं। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक कुल 9 शतक जड़े हैं। वहीं, रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम 8-8 शतक हैं। तीन वनडे में से रोहित पहला वनडे नहीं खेलेंगे। हालांकि, अगले दो वनडे में उनके पास इस रिकॉर्ड को तोड़ने का पूरा चांस है।



### शुभमन गिल छू सकते है 1,000 का आकड़ा

भारतीय वनडे टीम के 23 वर्षीय बल्लेबाज शुभमन गिल इस साल फॉर्म में नजर आ रहे है। गिल ने 2023 की शुरुआत शानदार रूप से की है। गिल महज तीन महीने से भी कम समय में 4 शतक और एक दोहरा शतक लगा चुके हैं। दोहरा शतक वनडे में निकला। वहीं, 2 और शतक वनडे में आए और एक टी-20 और एक टेस्ट में। इस साल अब तक वे तीनों फॉर्मेट मिलाकर इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 14 मैच में 923 रन हैं। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में महज तीन महीनों में ही 1,000 रन का आंकड़ा पार कर सकते हैं। एक साल में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रिकी पोंटिंग के नाम है। उन्होंने साल 2005 में तीनों फॉर्मेट को मिला कर 2,833 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 9 शतक और 15 अर्धशतक जड़े।




## ऑल इंग्लैंड में जॉली-गायत्री ने फिर किया उलटफेर:

## पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 जापानी जोड़ी को हराया, लगातार दूसरे साल क्वार्टर फाइनल में पहुंची

वर्ल्ड नंबर 16 त्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की जोड़ी लगातार दूसरे साल ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप के महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। 20 साल की गायत्री और 19 साल की त्रेसा ने 16 मार्च यानी गुरुवार को बर्मिंघम में पूर्व विश्व नंबर 1 और पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन जापान की युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा को सीधे गेम में हराया।

भारत की युवा युगल जोड़ी ने बर्मिंघम में दूसरे दौर के मैच में फुकुशिमा और हिरोटा की जापानी जोड़ी को 21-14, 24-22 से मात दी। 50 मिनट तक चले इस मुकाबले में भारतीय जोड़ी शुरुआती से ही हावी रही। त्रेसा और गायत्री की जोड़ी ने पिछले साल सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जहां उसे चीन के झांग शक्सियन और जेन यू से हारकर बाहर होना पड़ा था।




फुकुशिमा और हिरोटा को 21-14, 24-22 से हराया

### मेंस डबल्स में सात्विक-चिराग की जोड़ी हारी

वहीं चैंपियनशिप के पहले दौर में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। इस स्टार जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग ने 21-10, 17-21, 19-21 से हराया। पिछले साल दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। इस साल दोनों के लिए शुरुआत ठीक नहीं रही। इंडिया ओपन में सात्विक रनिकरेड्डी को हिप में चोट आ गई थी।

## WTC फाइनल नहीं खेलेंगे हार्दिक पंड्या

### कहा - टेस्ट चैंपियनशिप में मेरा कोई योगदान नहीं, इसलिए सीधा फाइनल खेलना अनैतिक

मुंबई। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने WTC को लेकर बड़ा बयान दिया है। पंड्या ने कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट में वापसी नहीं करूंगा जब तक मैं उसके लिए ईमानदारी से मेहनत नहीं कर लेता।



मेरा मानना है की बिना एक भी टेस्ट खेले सीधा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना मेरे साथी खिलाड़ियों के साथ धोखे की तरह होगा जो साल भर टेस्ट में खेल रहे हैं और टीम में जगह बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

### आखिरी बार 2018 में टेस्ट खेला

हार्दिक पंड्या ने आखिरी टेस्ट मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ साउथैम्प्टन में साल 2018 में खेला था।

### पहली बार वनडे में करेंगे कप्तानी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले वनडे में हार्दिक पंड्या पहली बार वनडे फॉर्मेट में भी भारत की कप्तानी करेंगे। रोहित शर्मा पारिवारिक कारणों से पहला वनडे नहीं खेलेंगे। वह दूसरे वनडे से टीम के साथ जुड़ेंगे और कप्तानी करेंगे। टेस्ट टीम में उप कप्तान के रूप में किसी भी खिलाड़ी का नाम नहीं दिया गया। ऐसे में संभव है कि केएल राहुल अब टीम के उप कप्तान नहीं हैं।

## एक नजर

### RCB विमेंस टीम से मिले कोहली बताया अपना संघर्ष

## IPL अभी तक नहीं जीता, लेकिन यह मुझे हर साल उत्साहित होने से नहीं रोकता

महिला प्रीमियर लीग 2023 (WPL) के पहले सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) की खराब शुरुआत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली महिला टीम से मिले और उसकी जीत में अहम भूमिका भी निभाई। उन्होंने टीम की जीत के लिए महिला खिलाड़ियों से बात की और जीत का मंत्र दिया। वहीं WPL का 13वां मैच बुधवार को यूपी वॉरियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला गया। ऋष्क्र ने टूर्नामेंट में अपने पहले पांच मैच गंवाए और यूपी वारियर्स के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की।




### RCB ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया

फ्रैंचाइजी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें कोहली IPL में अपने संघर्षों के बारे में बातचीत करते नजर आ रहें है। कोहली विडियो में कहते दिख रहें है, मैं 15 साल से IPL खेल रहा हूं, लेकिन मैंने अभी तक एक भी खिताब नहीं जीता है। लेकिन यह मुझे हर साल उत्साहित होने से नहीं रोकता है। मैं यही कर सकता हूं, मैं बस हर मैच में प्रयास कर सकता हूं। हर मैच और हर टूर्नामेंट में मैं यही सोच कर उतरता हूं कि अगर हम जीत गए, तो बढ़िया, अगर नहीं तो यह नहीं सोचने लगता कि अगर मैं IPL जीतूंगा तो ही खुशी से मर सकूंगा। ऐसा नहीं होता है।

### हमारे पास दुनिया के सबसे अच्छे फैंस

हमेशा उस अवसर के बारे में सोचें जो आपके पास है, बजाय इसके कि अभी कितना बुरा हो रहा है। हमने अभी तक ढ्ढक्क नहीं जीता, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि हमारे पास दुनिया के सबसे अच्छे फैंस हैं। यह इस वजह से क्योंकि हम ऋष्क्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह हमारे फैंस के लिए सबसे बड़ी बात है। हम फैंस को हर साल ट्रॉफी नहीं दे सकते, लेकिन हम उन्हें हर बार अपना 110त्न जरूर दे सकते हैं।

### ऐसा रहा मैच

स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को विमेंस प्रीमियर लीग में पहली जीत हासिल की है। टीम ने यूपी वारियर्ज को 5 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही बेंगलुरु ने लीग के प्ले ऑफ में प्रवेश की उम्मीदें कायम रखी हैं। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीता और फील्डिंग करने का फैसला लिया। यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हेरिस-दीप्ति की अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर 135 रन बनाए। 136 रनों का टारगेट बेंगलुरु ने 18 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया।

# कलेक्टर ने पत्थलगांव जनपद के सरपंचों की ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विगत दिवस पत्थलगांव विकासखण्ड के जनपद कार्यालय सभाकक्ष में सभी सरपंचों की बैठक लेकर जमीनी स्तर पर शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, जनपद सीईओ तुलसीदास मरकाम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं सभी पंचायतों के सरपंच उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी सरपंचो से उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। जिनका लाभ आम जनों को दिलाने हेतु प्रशासन सतत प्रयासरत है। उन्होंने सभी सरपंचों को जमीनी स्तर पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी सरपंच को अच्छा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी बढ़िया कार्य कर रहे है, इसी प्रकार आगे भी बेहतर कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि जनपद के कुछ सरपंचों ने स्वास्थ्य, कुपोषण, शिक्षाए स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। जिनकी प्रशंसा जिला सहित राज्य में हो रही है। कलेक्टर ने पाकरगांव पंचायत की सरपंच धर्ममती प्रधान के स्वास्थ्य सुविधा के विकास हेतु किए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पाकरगांव स्वास्थ्य केंद्र संस्थागत प्रसव कराने में पूरे जिले में प्रथम स्थान पर है। इसी प्रकार कुपोषण सहित अन्य क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले महेशपुर पंचायत के सरपंच धनराम खलखो, किलकिला के कमील साय बड़ा सहित अन्य सरपंचों के कार्यों की भी तारीफ करते हुए सभी सरपंचों को उनसे प्रेरित होकर बेहतर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पंचायतों में बेहतर कार्य करने वाले सरपंचों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही उनके पंचायतों के आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी पंचायतों की अलग-अलग समस्या रहती है, जिसके निराकरण में सभी लगे हुए है। कलेक्टर ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि समस्याओं के समाधन हेतु सकारात्मक सोच रखकर आगे बढ़े। छोटे-छोटे आवश्यकताओं की स्थानीय स्तर पर ही पूर्ति करें। इस हेतु सभी अपने अंदर की इच्छा शक्ति को जागृत करें। जिससे क्षेत्र का स्वतः विकास हो। डॉ. मित्तल ने उपस्थित सरपंचों को अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी, स्कूल, आश्रम-छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र का समय-समय पर निरीक्षण कर केंद्रों का बेहतर संचालन कराने के लिए कहा। साथ ही इन संस्थानों में लिकेज सीपेज, छत्त की मरम्मत, खिड़की दरवाजा की रिपेयरिंग, पेयजल एवं विद्युत की व्यवस्था, रंगरोगन जैसे आवश्यक कार्य पंचायत स्तर पर ही पूर्ण करने के लिए कहा। साथ ही वहां अन्य जरूरत की सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति, उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान करने, बच्चों का ग्रोथ चार्ट बनाने एवं उन्हें प्रारंभिक स्कूली शिक्षा प्रदान कराना सुनिश्चित कराने सभी जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही कुपोषित बच्चों के पालकों से गृह भेंटकर उनमें जागरूकता लाने एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें कुपोषण चक्र से बाहर लाने हेतु प्रयास करने के लिए कहा। डॉ मित्तल ने जिले के सभी पंचायतों में विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशनों हेतु पात्र लोगों का पंजीयन कर उन्हें लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने सरपंचों को किसान क्रेडिट कार्ड व आयुष्मान कार्ड के लाभ की जानकारी देते हुए अपने पंचायतों में शत प्रतिशत लोगों का केसीसी व आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कहा। इस हेतु लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सरपंचों को ग्राम स्वच्छता स्वास्थ्य समिति की नियमित रूप से बैठक लेकर ग्रामीणों को लाभान्वित करने की बात कही। इसी प्रकार मनरेगा के माध्यम से अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ यादव ने कहा कि जिले में अब से प्रत्येक माह जनपद स्तर पर सभी सरपंचों की बैठक आयोजित की जाएगी। जहां सभी सरपंच एक दूसरे अपने विचार, अपने पंचायतों में किए जा रहे नवाचार के साथ ही समस्याओं की जानकारी साझा करेंगे। साथ ही उक्त बैठक में प्रजेंटेशन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी एवं लोगों को लाभान्वित करने हेतु अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में जल्द ही तिथि निर्धारित कर विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी।

## एक नजर

### कांसाबेल के ग्राम खूंटीटोली में ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का किया गया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बगीचा आरपी चौहान की उपस्थिति में विगत दिवस विकासखंड कांसाबेल के ग्राम खूंटीटोली में ग्राम पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा आवेदन लिए गए। जिसके अंतर्गत बिजली बिल संबंध में 5 आवेदनए फौती नामांतरण के 4, आयुष्मान कार्ड के 3, राशन कार्ड के 1 एवं पंचायत विभाग को 4 आवेदन प्राप्त हुए। लंबित आवेदन पत्रों पर परीक्षण उपरांत कार्यवाही की जा रही है।

### लोदाम में तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जशपुर विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोदाम में आज तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया और तम्बाकू से होने वाली बीमारी लोगों को तम्बाकू नहीं खाने की सलाह दी गई। लोगों को बताया गया कि अधिक तम्बाकू खाने से कैंसर का खतरा रहता है। और इससे जान भी जा सकती है। तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर बच्चों ने चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लिया।

### जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजनों को 1 लाख 50 हजार की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 1 लाख 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम गरईबंध निवासी स्व सुन्दर राम की कुआं के पानी में डूबने से 26 फरवरी 2014 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी रीदी बाई हेतु 1 लाख 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### सात दिवसीय वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर 17 मार्च से

खेलभांठा मैदान में होगा आयोजन, महिला एवं पुरूष दोनों ले सकेंगे भाग

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा 17 से 23 मार्च तक सात दिवसीय वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेलभांठा मैदान सारंगढ़ में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी उम्र के महिला एवं पुरूष भाग ले सकेंगे। यह प्रशिक्षण शिविर सायं 6.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगा, जो पूर्णरूप से निःशुल्क है।

### राशन कार्डधारियों को पात्रतानुसार अप्रैल व मई दो माह का चावल अप्रैल माह में एकमुश्त किया जाएगा वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

खाद्य विभाग द्वारा सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत जिले के राशन कार्ड धारियों को पात्रतानुसार अप्रैल एवं मई 2023 के दो माह के चावल का वितरण अप्रैल माह में एकमुश्त किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 482 उचित मूल्य की दुकानों में प्रचलित 2,40,160 राशन कार्ड धारियों को प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में मनाए जाने वाले चावल उत्सव के दिन 02 महीने का चावल प्रदान किया जाएगा। साथ ही चावल के अतिरिक्त शेष खाद्यान्न सामग्री शक्करए नमकए केरोसीन एवं अनुसूचित क्षेत्रों में चना का माहवार पात्रतानुसार ही वितरण किया जाएगा।

## जशपुर में 27 मार्च से फिल्म, प्रिसिएशन कोर्स का होगा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की स्वायत्त संस्था भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे द्वारा संचालित फिल्म, प्रिसिएशन कोर्स का 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन 27 मार्च से 31 मार्च तक कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। अब जिले के युवा जशपुर में ही फिल्म, प्रिसिएशन का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कैरियर का चुनाव कर सकेंगे। जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभागियों के लिए आयोजित यह 5 दिवसीय कोर्स पूरी तरह निशुल्क एवं आवासीय होगा। प्रतिभागियों को फिल्म संस्थान पुणे से आए प्रशिक्षकों द्वारा फिल्में कैसे बनती हैं, सिनेमा इतिहास के चयनित विषय, फिल्मों के प्रकार फीचर फिल्में, लघु फिल्में, एनिमेशन, फिल्म शैली में चयनित विषय, लघु फिल्म विश्लेषण, सामान्य स्क्रीनिंग जैसी कलाएं सिखाई जाएंगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के अनुसूचित जनजाति के प्रतिभागियों जिनकी उम्र 18 वर्ष या अधिक है तथा जिन्होंने बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, उनके लिए यह कोर्स आयोजित किया जा रहा है। विशेष परिस्थितियों में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण पर भी विचार किया जाएगा। इसमें कुल प्रतिभागियों की संख्या 50 होगी। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में जिसके लिए 25 मार्च को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में स्क्रीनिंग के माध्यम से चयन किया जाएगा। सफलतापूर्वक कोर्स पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। आवेदन हेतु गूगल फॉर्म के माध्यम से लिंक उपलब्ध कराया जा रहा है। यह गूगल लिंक जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके साथ ही विभिन्न न्यूज वेबपोर्टल में भी यह आवेदन का लिंक उपलब्ध है।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजक

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ एवं पद्म विन्धेश्वरी यादव क्षेत्र स्तरीय संघ का सम्मेलन




जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

शुकवार को अन्तर्राराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजक अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ एवं पद्म विन्धेश्वरी यादव क्षेत्र स्तरीय संघ सक्ती द्वारा समुदाय भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, विशिष्ट अतिथि महिला भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश जांगड़े, मोहन कुमारी साहू की उपस्थिति में सम्मेलन आयोजित किया गया अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागतम किया। स्वागतम पश्चात अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि महिला दिवस पर समस्त बहनों को हार्दिक स्वागत वंदन करती हूं एवं नारी शक्ति ही वह शक्ति है जो देश को सही रास्ता दिखाती है, मोहन कुमारी साहू ने भी नारी शक्ति के बारे में बताया कि नारी ही जननी है नारी ही लक्ष्मीबाई है। मुख्य रूप से उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश जांगडे, महामंत्री मोहनमती साहू, अनिता सिंह, मंजू जायसवाल, रीता राज,विजया जायसवाल, ललीता साहू, सचिव अनिता गोपाल यादवए, अध्यक्ष पुष्पा यादव अनेकों महिलाओं उपस्थित थी

## ग्राम पंचायत सचिव 1 सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



ग्राम पंचायत सचिवों का लंबित एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को बजट में शामिल नहीं करने के कारण पंचायत सचिव संगठन में काफी रोष है इसलिए पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव 16 मार्च से काम कलम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गए हैं। प्रांतीय इकाई के निर्णयानुसार सुकमा जिले में भी पंचायत सचिव के जिला अध्यक्ष गिरीश कश्यप के नेतृत्व में सुकमाए कोंटा एवं छिंदगढ़ ब्लाक मुख्यालय में समस्त सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ग्राम पंचायत के सचिव हड़ताल में जाने से ग्राम पंचायत स्तर के सभी शासकीय कार्य सीधे प्रभावित हो रही है।

## आधे घंटे के अन्दर जाति प्रमाण-पत्र पाकर फरसाबहार का ललित कुमार पात्रे हुआ खुश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने फ रसाबहार विकासखण्ड के ग्राम तुबा के छात्र ललित कुमार पात्रे को आधे घंटे के अंदर जाति प्रमाण-पत्र बनवाकर दिया।

विद्यार्थी ललित कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन और कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उनका समय पर स्थाई जाति प्रमाण-पत्र बन गया है। आज वे यूपीएससी के अंतर्गत् कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में निकलने वाले पद के लिए आवेदन कर सकेगें। उन्होंने बताया कि 17 मार्च 2023 को शाम 6 बजे तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। ललित ने लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से स्थाई जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आवदेन किया था और आज 17 मार्च 2023 को कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल से मिल कर स्थाई जाति प्रमाण.पत्र शीघ्र बनाने का आग्रह किया था। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान में लेकर आधे घंटे के अंतराल में स्थाई जाति प्रमाण-पत्र बनवाकर मुझे दे दिया गया है। ललित ने बताया कि वे एनईएस कॉलेज से रसायन विज्ञान में एमएससी की पढ़ाई पूरे किए हैं और नौकरी के लिए आवेदन कर रहें हैं।

## जिले के राईस मिलरों को फोर्टिफाइड राइस के मैन्युफैक्चरिंग के संबंध में दी गई प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



राज्य शासन के निर्देशानुसार विगत दिवस जशपुर जिले के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राज्य द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर सीनियर प्रोग्राम एसोसिएट वर्ल्ड फूड प्रोग्राम छत्तीसगढ़ कस्तुरी पाडा द्वारा जिले के राईस मिलरों को फोर्टिफाइड राइस के मैन्युफैक्चरिंग के संबंध में प्रशिक्षण दी गई। जिसके अंतर्गत फोर्टिफाइड राइस के मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया एवं गुणवत्ता नियंत्रण, गुणवत्ता लेवलिंग और पैकेजिंग, भण्डारण इत्यादि शामिल है।

प्रशिक्षण में जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगमए खाद्य निरीक्षक, गुणवत्ता निरीक्षक एवं नागरिक आपूर्ति के गोदाम प्रभारी के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी एवं मिलर्स को फोर्टिफिकेशन की आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पोषक तत्वों की कमी की पूर्ति हेतु चावल फोर्टिफिकेशन सूक्ष्म द्वारा पोषक तत्वों की पूर्ति का प्रयास किया जा रहा है। सूक्ष्म पोषक तत्व आयरनए जिंकए फोलिक एसिडए विटामिन बी 12ए विटामिन ए शामिल है। फोर्टिफिकेशन के द्वारा चावल में आवश्यक विटामिन खनिजों की आपूर्ति निश्चित की जाती है। फोर्टिफाइड चावल में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी9, विटामिन बी12 सूक्ष्म तत्व मिश्रित किये जाते हैं। सभी उत्पाद राइस मिलर्स हेतु खाद्य सुरक्षा मानक लाइसेंस की अनिवार्यता के बारे में बताया गया जो खाद्य श्रेणी 6.0 होगा। साथ ही आवश्यक दस्तावेज के संधारण एवं सावधानियों के बारे विस्तृत रूप बताया गया। फोर्टिफाइड चावल की बोरियों की पैकेजिंग, लेबलिंग भंडारण के बारे में भी जानकारी दी गई। फोर्टिफाइड प्रशिक्षण में बताया गया कि अप्रैल 2023 से सामान्य राशन कार्ड के अतिरिक्त सभी राशन कार्डधारियों को फोर्टिफाइड चावल वितरण प्रारंभ होने जा रहा है। इस हेतु यह जानना आवश्यक है, कि चावल का फोर्टिफिकेशन क्यों जरूरी है। भारत में 70 प्रतिशत लोग सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता का 50 से 70 प्रतिशत मात्रा का ही उपभोग करते है। इसकी पूर्ति के लिए चावल में आवश्यक सूक्ष्म तत्वों को मिश्रित किया जाता है। जिसे फोर्टिफाइड चावल कहा जाता है। फोर्टिफाइड चावल एनीमिया कुपोषण दूर करने में सहायक है। छत्तीसगढ़ में 6 से 50 माह के बच्चों में 67 प्रतिशतए 15 से 49 वर्ष की महिलाओं में 60 प्रतिशत एवं 15 से 49 वर्ष के पुरूषों में 27 प्रतिशत खून की कमी पायी गयी है। उक्त प्रशिक्षण में लोगो के मन मे फोर्टिफाइड चावल के संबंध में व्याप्त आशंका को दूर करते हुए बताया गया कि फोर्टिफाइड चावल कोई प्लास्टिक चावल बिल्कुल नही है। फोर्टिफाइड चावल कई पोषक तत्वों से युक्त है और इसे पकाने का एवं उपयोग करने का तरीका भी सामान्य चावल के जैसा ही है।

## नगर पालिका शक्ति के पार्षदों एवं ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत से विधानसभा में की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।




छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि नरेश वाडीन के नेतृत्व में 17 मार्च को नगर पालिका शक्ति के पार्षदों एवं विकासखंड के ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से विधानसभा भवन में मुलाकात की, इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के साथ ही वर्तमान में चल रहे विधानसभा सत्र की कार्यवाही का भी दर्शक दीर्घा में बैठकर जनप्रतिनिधियों ने उसे देखाए तो वहीं विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान मुस्लिम समाज के प्रमुख महबूब भाई ने भी शक्ति में प्रस्तावित शादी भवन के निर्माण के संबंध में भी विगत समय से चली आ रही मांग पर आग्रह किया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने शीघ्र ही शादी भवन के निर्माण कार्य को स्वीकृति दिलवाने हेतु पहल करने का आश्वासन दिया वहीं इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन के नेतृत्व में नगर पालिका शक्ति के पार्षदों ने भी शहर विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर विधानसभा अध्यक्ष महंत से चर्चा की तथा विधानसभा अध्यक्ष ने भी नगर पालिका क्षेत्र के विकास कार्यों की भी जानकारी प्राप्त कीए साथ ही कहा कि आने वाले समय में और अधिक वार्डों में विकास के काम होंगे इस दौरान प्रमुख रूप से कांग्रेस कमेटी के जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, नगरपालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन, मुस्लिम समाज के प्रमुख एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता महबूब भाई, नगर पालिका शक्ति के वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद दीपक सेवक रिक्की, वार्ड क्रमांक-02 के वरुण कसेर, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद पुत्र लव सोनीए वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद घनश्याम प्रसाद जायसवाल, छडू राम देवांगन, नगरपालिका शक्ति के पूर्व सीएमओ जफ र खान, श्याम अग्रवाल बिलासपुर, उज्जवल लांबा कोरबा, नवीन सिंह प्रेस क्लब सदस्य सहित काफ ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे तथा विधानसभा अध्यक्ष महंत ने भी आगंतुक सभी जनप्रतिनिधियों का अभिवादन करते हुए उनका हालचाल भी जाना एवं क्षेत्र विकास को लेकर चर्चा की एवं सभी ने विधानसभा अध्यक्ष महंत का आभार भी व्यक्त किया तथा विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाड़ीन ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष महंत से काफी देर चर्चा हुई तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा के बाद सभी जनप्रतिनिधियों ने भी व्यक्तिगत रूप से अपने अपने वार्ड एवं क्षेत्र विकास की बात की है।

# रसोइया संघ के आंदोलन को समर्थन देने पहुंची भाजपा नेत्री दीपिका

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

**भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के रसोइया भाई बहनों के साथ छल किया है, अपने जनघोषणा पत्र में कलेक्टर दर पर मानदेय देने की बात कहने वाले कांग्रेस पार्टी की सरकार ने मनरेगा दर पर मानदेय देना भी जरूरी नहीं समझा और 10 रु प्रतिदिन बढ़ा कर उनका अपमान कर रहे हैं यह कहना है**



भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष मीडिया पैनलिस्ट अधिवक्ता दीपिका शोरी का। विदित हो कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के बजट में स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइया को प्रतिमाह 300 रु की बढ़ोत्तरी की गई है जबकि रसोइया संघ द्वारा 10 हजार रु प्रतिमाह की मांग की गई थी मांग पूरी न होने की दशा में छत्तीसगढ़ रसोइया संघ प्रांतीय आह्वान पर पूरे प्रदेश में हड़ताल पर चले गए हैं और जिला मुख्यालय में सैकड़ों की संख्या में बैठकर अपनी मांग पूरी करवाने हेतु आंदोलनरत हैं आज इनके आंदोलन को समर्थन देने भाजपा नेत्री अधिवक्ता दीपिका शोरी उनके बीच पहुंची व उनका समर्थन करते हुए कहा की जिनके भरोसे छोटे छोटे बच्चों के खानपान की जिम्मेदारी है और शासन की महती योजना मध्यान्ह भोजन का संचालन हो रहा है तो सरकार की भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि उनके बाल बच्चों का ख्याल रखे व उन्हें उचित मानदेय प्रदान करें एसुबह 8 बजे से स्कूल में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था करते करते इनक पूरा दिन बीत जाता है और ऐसे में मात्र 60 रु प्रतिदिन की दर पर कार्य करवाना मजाक नहीं है तो क्या है मैं इनके दर्द को बहुत नजदीक से जानती हूं कई शालाओं में हमारी माता बहने रसोइया का कार्य कर रही हैं जो अपने छोटे छोटे बच्चों को घर पर छोड़कर आती हैं मैं भूपेश सरकार के शिक्षा मंत्री से कहना चाहती हूं कि इनके दर्द को समझना है तो एसी से बाहर निकलि, इनके बीच में आइए तो आपको एहसास होगा कि इतनी कम राशि में कोई अपना घर कैसे चला सकता है।

### स्थानीय मंत्री पर भी जताई नाराजगी

सुकमा कलेक्टर कार्यालय के पास सैकड़ों की संख्या में बैठे रसोइयों ने स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ सरकार के आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव से पहले उन्होंने भी बहुत वादा किया हमारे हड़ताल के दौरान तीन दफा हमारे नजदीक आए और कहा कि मैं मुख्यमंत्री से बात करूंगा कलेक्टर दर पर नही मनरेगा दर पर आप लोगों की मानदेय हेतु बात करूंगा हम लोगों ने उनका विश्वास किया और जब बजट की घोषणा हुई तो हमारे साथ छल किया गया मजाक किया गया अगर हमारी मांग पूर्ण नहीं हुई तो आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को यह मजाक बहुत भारी पड़ने वाला है ।

### *अधिकारी लगा रहे झूठा आरोप पर हम डरने वाले नहीं*

*रसोइया संघ के जिलाध्यक्ष बलराम ठाकुर ने कहा कि जब हमारे हड़ताल से सरकार डर गई है तो हमारे ऊपर प्रशासनिक दबाव बनाने हेतु झूठा आरोप लगाया जा रहा है कि हमारे साथियों के द्वारा स्कूलों में डराया धमकाया जा रहा है जबकि वास्तविकता यह है कि हम लोग सभी जगह सिर्फ शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे हैं व कहना चाहते हैं कि हम सब एक हैं किसी से डरने वाले नहीं चाहे कुछ भी हो जाए हम झुकेंगे नहीं जब तक हमारा प्रांतीय संघठन से किसी प्रकार के निर्देश नहीं आ जाते हमारा यह हड़ताल अनवरत जारी रहेगा*

### *दीपिका के संग खेले होली*

*अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे रसोइयों ने जब दीपिका को अपने बीच पाया व उनका समर्थन भी उन्हें मिला तो वे भी अपनी खुशी रोक नहीं पाए व जमकर उनके साथ होली खेली।*

## एक नजर

### जर्वे से बुथ सशक्तिकरण अभियान का शुरुआत किया डॉ. खिलावन साहू ने

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ खिलावन साहू ने बुथ सशक्तिकरण अभियान के तहत सक्ती विधानसभा क्षेत्र के बाराद्वार मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र जर्वे के बूथ क्रमांक 75, 76, 77, 78, 79, 80, 81 के बुथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम जर्वे के बुथ क्रमांक 78 मे बैठक कर अभियान का शुरूवात किया तथा भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद में प्रस्तुत अभिभाषण का कार्यकर्ताओं के समक्ष वाचन करते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के उपलब्धियों को गिनाया। बैठक में प्रमुख रूप से पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरदयाल सिंह पटेल, मंडल महामंत्री गेंद राम मनहर, जनपद सदस्य शशि कंवर, मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोम प्रकाश कंवर, बुथ अध्यक्ष निर्भय यादव, बुथ अध्यक्ष अनिल पटेल, घुराउ राम यादव, सेवक पटेल, लंबोदर पटेल, प्यारे लाल पटेल, बसंत सूर्या, डिगम्बर थवाईत, उमेद राम धीरहे, नूतन पाटले, राकेश मनहर, विश्राम पटेल, पवन कंवर, दूज राम पाटले, मीटिंग बघेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस सक्ती का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर सक्ती के अतिरिक्त कक्ष में स्थित ईवीएम वीवी पेट वेयरहाउस का आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए मशीनों को रखने हेतु वेयरहाउस ईवीएम वीवी पेट सीएयू, बीयू, के समुचित रखरखाव एसुरक्षा के लिए इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से ईवीएम वीवी पेट मशीनों की संख्यात्मक जानकारी ली। और सीसी टीवी कैमरा, अग्निशमन व्यवस्था सहित सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। साथ ही नंदेली भाटा स्थित आईटीआई कॉलेज एवं वन विद्यालय का भी आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन के लिए निरीक्षण किया। इस दौरान सक्ती एसडीएम पंकज डाहिरे, जिला शिक्षाधिकारी बीएल खरे, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रामर निर्वाचन प्रभारी, निर्वाचन सुपरवाइजर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### जिला बनने के बाद ग्राम पटेल यूनियन की प्रथम बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

ग्राम पटेल यूनियन की बैठक में 20 एवं 21 मार्च 2023 को सक्ती जिला के कलेक्टर कार्यालय जेठा के सामने अपनी एक सूत्रीय मांग पिछले 2013 से 8-9 वर्षों से बकाया है या नहीं दिया गया है पटेली कमीशन पारिश्रमिक को छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर से समन्वय स्थापित कर ग्राम पटेलों को शीघ्र दिलाए जाने की मांग के लिए दो दिवसीय धरना आंदोलन किया जाएगा ग्राम पटेल यूनियन की बैठक में बजट पेश करते हुए विधान सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पटेली कमीशन पारिश्रमिक 2000 से बढ़ाकर 3000 किए जाने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया गया उपरोक्त जानकारी ग्राम पटेल यूनियन के पदाधिकारी द्वय कामरेड अनिल शर्मा एवं रघुनंदन साहू ने दी है।

### आश्वासन नहीं समाधान रायपुर धरना रैली प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर जिले के कर्मचारी-अधिकारी भाग लेंगे -भारद्वाज

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन प्रांतीय निकाय के आह्वान पर आश्वासन नहीं समाधान आंदोलन के दूसरा चरण में 18 मार्च 2023 को बुढ़ापारा तालाब रायपुर धरना रैली प्रदर्शन में जिले के कर्मचारी अधिकारी 11 गाड़ियों के काफिला से सुबह 8 बजे डभरा में एकजुट होकर भाग लेने वाया शिवरीनारायण होते हुए रवाना होंगे।

# अवैध गतिविधियों पर ताबतोड़ कार्यवाही,13 जुआ एक्ट में नगदी 10,140 रूपये जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत16 मार्च 2023 को थाना बेरला में जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 4 जुआडियानों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी रकम 10,140 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया हैं।

# धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी देश की संस्कृति व परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलता- योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




मानस प्रचार समिति ग्राम मोहरेंगा बेरला के तत्वाधान में अखण्ड रामायण का आयोजन हुआ। गांव में 48 वर्षों से अखंड रामायण का सफल आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का समापन राघव ग्रुप कोटगांव कुरूद जिला धमतरी संतोष साहू एवं साथियों के जगराता सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्य व ग्रामवासियों को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि किसान नेता ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आज की युवा पीढ़ी व बच्चों को देश की संस्कृति व परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलता है। वर्तमान में युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित होने के साथ अपने धर्म से विमुख होती जा रही है। धर्मांतरण पर प्रभावी ढंग से रोक लगानी की आवश्यकता है। इसके लिए हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा। प्रलोभन देकर धर्मांतरण करा रहे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई के लिए प्रशासन को अवगत कराना जरूरी है। धर्म से जुड़ने का सबसे अच्छा माध्यम धार्मिक आयोजन है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन परंपराओं का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जा रहा है। रामायण में प्रभु राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान समेत हर पात्र का जीवन आज भी प्रासंगिक है। प्रभु श्री राम ने अपने हर रिश्ते को पूरी निष्ठा से निभाया, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहा जाता है। इस अवसर पर सरपंच कामता प्रसाद सिन्हा, बेनी साहू, रामकुमार साहू, भीष्म यदु, उनंदी सिन्हा, केशव सिन्हा, तिहारू सिन्हा, गजानंद ठाकुर, दिलवर ठाकुर, नंदकुमार विश्वकर्मा, नंदीशरण सिन्हा, सनत सिन्हा, घनश्याम धीवर, हेमलाल साहू, ईश्वर यादव, कामदेव सिन्हा, फिरतराम वर्मा समेत ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् 21 युवाओं ने फायर फाइटर कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत् सफलतापूर्वक फायर फाइटर कोर्स पूर्ण करने वाले 21 प्रशिक्षुओं का उत्सावर्धन किया और रोजगार से जुड़ने के लिए अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कौशल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री प्रकाश यादव उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड पत्थलगांव के शासकीय व्हीटीपी जनपद पंचायत पत्थलगांव में फायर फाइटर कोर्स अंतर्गत 21 युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 8 माह की अवधि का कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया है। तत्पश्चात 21 प्रशिक्षित युवाओं को जीफोरस सिक्योरिटी कंपनी में रोजगार के लिए चयन किया गया है। जहॉ उन्होंने पीएफ ईएसआईसी की सुविधा के साथ 13 हजार 500 रुपए प्रतिमाह वेतन भी दिया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इससे युवा बहुत ही उत्साहित हैं। युवाओं ने बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की तहत् उन्हें प्रशिक्षण दिया गया था और जिला प्रशासन ने प्लेसमेंट के माध्यम से सभी को रोजगार उपलब्ध कराया है। इसके लिए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# रिगरिगा और सेमरी की टीम जीत दर्ज कर पहुंचा अगले दौर में

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



ग्राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा व समस्त ग्राम पंचायतवासी नगपुरा नगोई की सयुंक्त मेजबानी में सिद्ध बाबा पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का आयोजन नगपुरा में किया जा रहा है जिसमे सेमरी और रिगरिगा कि टीम ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया है इस संबंध में जानकारी देते हुए चैयरमेन राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन कोटा जीवन मिश्रा ने बताया कि विधानसभा अंतर्गत आने वाले बेलगहना जोन के समस्त 32 पंचायतों के मध्य पंचायत स्तरीय सिद्ध बाबा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नगपुरा खेल मैदान में किया जा रहा है शुक्रवार को पहला मैच सेमरी और नगोई बी टीम के बीच खेला गया जिसमें नगोई ने पहले बल्लेबाजी करते हुवे निर्धारित 6 ओवर में 32 रन बनाए जीत के लिए मील 33 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुवे 3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया गया इस मैच के मैन ऑफद मैच लखन पैकरा रहे जिसमे नगोई सरपंच अजय पैकरा ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया दूसरा मैच बहेरमुडा विरुद्ध रिगरिगा के मध्य खेला गया जिसमें रिगरिगा ने पहले बल्लेबाजी करते हुवे 61 रन बनाए वही बहेरमुडा की टीम 31 रन बनाकर आल आउट हो गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अनूप पैकरा, पंच राम भानु, विमल दास मानिकपुरी, मनराखन दास, किरण दास, मनोज नेटी, लाला राम आदि जुटे हुए है।

# ट्रक ने बाइक सवारों को मारी जोरदार टक्कर, मौके पर दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



बेलगहना चौकी क्षेत्र के ग्राम दालसागर मे केशरीनंदन ढाबा के आगे सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को अस्पताल पहुंचाकर मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार शिवतराई-सराईपाली निवासी चंद्रशेखर गंधर्व 20 निजी फैक्ट्री में ड्राइवर था। वो अपने भाई को छोड़ने के लिए पेंड्रा गया था। उसके साथ ग्राम घटोली निवासी उसका दोस्त मुन्ना गंधर्व भी था। दोनों बाइक में सवार होकर भाई को छोड़कर वापस कोटा जा रहे थे। सुबह करीब 9.30 बजे बाइक केंदा और दालसागर के पास पहुंची थी तभी ट्रक ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दिया। और तभी रास्ते में सामने से आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और करीब 10 फीट तक घसीटता रहा। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई।

### आधार कार्ड से हुई पहचानए परिजन को दी जानकारी

इस हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, तब तक वहां लोगों की भीड़ जुट गई थी। इस दौरान आरोपी चालक ट्रक छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने मृतकों की पहचान करने की कोशिश की। लेकिन उनकी शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। तलाशी लेने पर एक युवक के पॉकिट से पर्स और मोबाइल मिला, जिसमें रखे आधार कार्ड से उसकी पहचान कोटा के सराईपाली निवासी चंद्रशेखर गंधर्व के रूप में हुई। पुलिस ने उसके परिजन को इस घटना की जानकारी दी। परिवार वाले वहां पहुंचे, तब उसके दोस्त मुन्ना गंधर्व की पहचान की गई।

# भाजपा ने शक्ति केंद्रो में किया सम्मेलन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी द्वारा सक्ती जिला के विधानसभा सक्ती,चंद्रपुर एवं जैजैपुर ग्रामीण, नगर मंडलों के शक्ति केंद्रों में हुआ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन जिसमें शक्ति केंद्र प्रभारी सह प्रभारी, संयोजक सहसंयोजक, अल्पकालीन विस्तारक एवं बूथो के अध्यक्ष शामिल रहे इस सम्मेलन में महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का संसद के समक्ष अभिभाषण हुआ था उस अभिभाषण का वाचन नगर एवं ग्रामीण मंडल के सभी शक्ति केंद्रों में बूथों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में वाचन किया गया मुर्मू जी ने संसद के समक्ष अपने अभिभाषण में कहा था जिसके कुछ अंश में उन्होंने कहा 2047 तक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है जो अतीत के गौरव से जुड़ा हो और जिसमें आधुनिकता का हर स्वर्णिम अध्याय हो हमें ऐसा भारत बनाना है जो आत्मनिर्भर हो जो अपने मानवीय दायित्व को पूरा करने के लिए भी समर्थ हो अमृत काल का यह 25 वर्ष का कालखंड स्वतंत्रता की स्वर्ण शताब्दी का और विकसित भारत के निर्माण का कालखंड है यह 25 वर्ष हम सबके लिए और देश के प्रत्येक नागरिक के लिए कर्तव्य की पराकाष्ठा करके दिखाने के हैं यह हमारे सामने युग निर्माण का अवसर है और हमें इस अवसर के लिए शत प्रतिशत सामर्थ्य के साथ हर क्षण कार्य करना है इस अवसर पर पार्टी के मंडल एवं बूथ के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दिव्यांग वृद्ध महिला के घर फरसा लेकर घुसा युवक

## डरा धमकाकर की रुपयों की चोरीए केस दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




जिले के छाल थाना क्षेत्र में एक युवक फरसा लेकर एक दिव्यांग महिला के घर दिनदहाड़े घुस गया और डरा धमकाकर अलमारी में रखे 15 सौ रुपये को ले गया। वहीं इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस घटना के बारे में सूचनाकर्ता ने छाल पुलिस को बताया कि ने कुडेकेला की निवासी हूं पैर से विकलांग होने के कारण घर में रहती हूं। उसने बताया कि बीते 15 मार्च को अपने नाती पोती के साथ घर में थी मेरी बहू एवं मेरे पति खेत तरफ गये थे तभी आरोपी एक लोहे का फरसा लेकर आया और 10 हजार पैसा दो नहीं तो जान से मार दूंगा कहकर बोला और मना करने पर मेरे लाठी को फरसा से काट दिया। इस दौरान मेरा देवर बाबू लाल बीच बचाव करने आया तो उसे भी धक्का दे दिया। तब मैं डर के मारे घर से बाहर निकल गई तब वह अलमारी को फरसा से तोड फोड कर अलमारी में रखे 1500 रू को चोरी कर लिया। प्रार्थीया के आवेदन पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 452, 327, 380 भादवि का अपराध घटित होना पाये से छाल थाने में आरोपी युवक के विरुद्ध एफ्आईआर दर्ज की गई है। मारपीट करने का प्रयास एवं तोड फोड कर चोरी करने की इस घटना के बारे में प्रार्थिया ने अपनी शिकायत में बताया कि लालो बाई पति चमरा राम उम्र 70 वर्ष ग्राम कूड़ेकेला थाना छाल जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ की निवासी हूं। बीते 15 मार्च को करीब 3 बजे मैं अपने नाती पोती के साथ थी। तभी गांव का एक आरोपी युवक लोहे का फरसा पकड़कर मेरे घर आया और गाली गलौज करते हुए मुझे 10,000 पैसा मांग रहा था और नहीं दोगी तो जान से मार दूंगा बोल रहा था। उसने मेरे डंडे को जिसके सहारे मैं चलती हूं, लूटकर तोड़ दिया। डर से मैं घर से बाहर जाने लगी तब आरोपी युवक मुझे मारने का प्रयास करने लगा तभी मेरा देवर बाबूलाल बीच बचाव किया और हम दोनों घर से निकल गए। तब आरोपी युवक फरसी से खटिया, अलमारी को तोड़ फोड़ किया और अलमारी में रखे 1500 रू को ले गया। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## एक नजर

### भारतीय जनता पार्टी का शक्ति केन्द्र चराईडांड़ का बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



विकासखंड दुलदुला के ग्राम चराईडांड़ में भारतीय जनता पार्टी का शक्ति केन्द्र चराईडांड़ का बैठक सामुदायिक भवन देउरसांढ़ में रखा गया। जिसमें विशेष रूप से शक्ति केन्द्र प्रभारी मनबहाल निराला संयोजक रामलाल राम सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक करनेल सिंह वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पारसनाथ मिश्र, सेबरेन टोप्पो अल्पसमयदानी कार्यकर्ता उमा देवी एवं सभी बूथ अध्यक्ष बूथ समिति के सदस्य उपस्थित रहे एवं क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ता सैकड़ों के संख्या में उपस्थित रहे बैठक का संचालन रामलाल के द्वारा किया गया बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को मनबहाल निराला, करनेल सिंह, उमा देवी द्वारा संबोधन किया गया बैठक में कांग्रेस पार्टी को छोड़ने के बाद भाजपा में शामिल हुए पहले बार भाजपा के बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता कारोलिना टोप्पोए, ग्लोरिया मिंज को पुष्प हार पहना कर उमा देवी द्वारा स्वागत किया गया बैठक में बूथ शक्तिकरण के विषय में विशेष जोर दिया गया बैठक का समापन करनेल सिंह द्वारा किया गया।

### सिविल अस्पताल में आयोजित शिविर में 33 लोगों ने किया रक्तदान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रक्तदान जीवनदान को चरितार्थ करने अच्छी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है। सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित की गई थी। जिसमें 33 लोगों ने रक्तदान किया है। विगत कुछ माह से सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ की प्रशिक्षित टीम द्वारा ब्लड निकाला जाता है। शिविर से प्राप्त ब्लड यूनिट को जांच के बाद कुछ यूनिट वापस सिविल अस्पताल को दिया जाता है। जो यहां के जरूरतमंद मरीजों को दिया जाता है। बता दें कि सिविल अस्पताल परिसर में ब्लड बैंक के लिए भवन बनकर तैयार है। वहीं ब्लड रखने के लिए पहले से लाखों रुपये की मशीन अस्पताल में उपलब्ध है। शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाले रोहित तिर्की ने बताया कि सोचकर डर लग रहा था। लेकिन डोनेट के बाद सामान्य लग रहा है। रक्तदान करके मुझे आत्मसंतुष्टि हुई है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद का जीवन बच सकता है। मैं सभी स्वस्थ एवं योग्य लोगों से रक्तदान करने की अपील भी करता हूं।





# स्वामी आत्मानन्द स्कूल के शिक्षकों की अच्छी पहल, आगे बढ़कर किए रक्तदान




जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमजयगढ़ निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहने के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी यह विद्यालय अपनी सहभागिता देता रहा है। 16 मार्च को स्वामी आत्मानंद विद्यालय के शिक्षकों ने रक्तदान महादान को परिलक्षित करते हुए रक्तदान शिविर में भाग लिया। सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वामी आत्मा विद्यालय के शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़ रक्तदान कर समाज को संदेश देने की कोशिश की है। रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। आने वाले समय में यह विद्यालय हर क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

# विशेष पिछड़ी जनजाति सर्वेक्षण टीम पहुंची पहाड़ी कोरवा बस्ती

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



रायगढ़ जिले में निवासरत पहाड़ी कोरवा जनजातियों का सर्वे किया जाना है। जिसके लिए सर्वेक्षण टीम धरमजयगढ़ तहसील में सर्वे कार्य शुरू कर दिए हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण टीम आमनारा पहुंची। जहां पहाड़ी कोरवाओं का रहन बसन, रीति रिवाज, खान पान सहित अन्य जानकारियां हासिल की। धरमजयगढ़ क्षेत्र के आमनारा, रामपुर, गनेशपुर, सोखामुड़ा, बरघाट, दाहिडांड, टेड़ासेमेर, झुलनबर, छुहीपहाड़ सहित कई गांवों में पहाड़ी कोरवा जनजाति परिवार निवासरत हैं। बता दें कि रायगढ़ जिले में निवासरत पहाड़ी कोरवाओं को शासन से पहाड़ी कोरवाओं के लिए लागू योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जिसके लिए विगत कई वर्षों से पहाड़ी कोरवा समाज शासन-प्रशासन से मांग कर रहा है। सर्वेक्षण टीम में शिवकुमार बांधे सहायक अनुसंधान अधिकारी, डॉ गुलाब सिंह पटेल सहायक अनुसंधान अधिकारी एवं रूपेश सहायक अनुसंधान अधिकारी नवा रायपुर शामिल हैं।

# सीपीआई के पूर्व बस्तर संभागीय सचिव स्व. कामरेड लक्ष्मण झाड़ी की 24 वीं पुण्यतिथि मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



कामरेड लक्ष्मण झाड़ी की पुण्य तिथि के अवसर पर सीपीआई जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन आला छत्तीसगढ़ खासकर बस्तर के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लिए पिछले 24 वर्षों से अत्यंत शोक का दिन रहा है। इस दिन बस्तर ने एक महान क्रांतिकारी सफल राजनीतिज्ञ छात्र नौजवान किसान मजदूर अदिवासी दलित पिछड़ों के मार्गदर्शक एवं उनके हक अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले व्यक्तित्व को खोया है। जिनकी कमी भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी में हमेशा खलती रहेगी। उनकी कमी पार्टी को हमेशा रहेगी ऐसे इंसान दुबारा पार्टी को मिल पाना असम्भव है आज के हालात में उनका बस्तर में मौजुद नहीं होना बहुत ही गंभीर है। आज अगर वे होते तो बस्तर की तस्वीर अलग होता। वहीं आगे उन्होंने कहा कि हम सभी सीपीआई के सिपाही उनके सिद्धांतों पर चलकर उनके सपनों को पूरा करने की कोशिश करेंगे हमेशा किसान मजदूर दलित आदीवासी पिछड़े शोषित वंचित छोटे तबके के लोगों को हक दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे। वही सभी कार्यकर्ताओं ने लाल सलाम के नारों के साथ झाड़ी दादा को श्रद्धांजली अर्पित किया और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के दौरान पी लक्ष्मीनारायण, कोवराम, राजू तेलाम, सुकलू, रिंकू, मनीष, बुधराम, आयतु, मांगू कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## पोतरा में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नेत्र जाँच संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 12 मार्च से 18 मार्च 2023 तक लोगों में जागरूकता लाने हेतु विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जा रहा है । यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के दिशा निर्देशानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लखन पटेल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है । जिसके तत्वाधान में आज उप स्वास्थ्य केंद्र - पोतरा में आर. एच. ओ. श्रीमती ए. दास के सहयोग से नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया था । जिसमें नेत्र सहायक अधिकारी आर. आर. डडसेना एवं प्रकाश चौधरी के द्वारा 82 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र परीक्षण के दौरान लोगों को काला मोतिया (ग्लूकोमा) के संबंध में जागरूकता लाने हेतु काला मोतिया एवं आँखों के सामान्य बीमारियों के संबन्ध में विस्तार से जानकारी दिया गया। जाँच के दौरान 9 मोतियाबिंद, 1 ग्लूकोमा, 3 टेरीजीयम के मरीज पाए गए हैं। 37 लोगों को पढ़ने हेतु जाँच कर निशुल्क चश्मा वितरण किया गया । इस दौरान मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन कराने हेतु तिथि निर्धारित किया गया है । नेत्र जाँच शिविर में ग्राम - पोतरा के मितानीनों का सराहनीय योगदान रहा ।




# सरिया नाला किनारे नजर आया हाथियों का दल, ग्रामीणों को अलर्ट किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



शुक्रवार की शाम धरमजयगढ से रायगढ़ रोड़ पर स्थित सरिया नाला के ऊपर 368 कक्ष क्रमांक के जंगल में सड़क किनारे 12 से 13 की संख्या में हाथियों का एक दल नजर आया। जिसे लेकर स्थानीय लोगों व राहगीरों में अफरा तफरी का माहौल देखा जा गया। इस दौरान सड़क किनारे हाथी होने की मौजूदगी के कारण सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए मार्ग बाधित किया गयाए ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। वहीं, हालात को देखते हुए वनकर्मी व हाथी मित्रदल मौके पर मौजूद रहे। बाद में हाथियों के इस दल की निगरानी की जाती रही। वहीं आसपास के ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की समझाइश दी गई।

बता दें कि वर्तमान में धरमजयगढ़ वन मंडल में कुल 66 हाथी अलग अलग इलाकों में विचरण कर रहे हैं। जिनमें 18 नर, 28 मादा व 20 बच्चे शामिल हैं। शुक्रवार को जारी विभागीय रिपोर्ट के अनुसार सेमीपाली इलाके में 9 हाथी, बोरो रेंज के कंचीरा क्षेत्र में 14 व धरमजयगढ़ रेंज के आमगांव एरिया में 32 हाथियों के सबसे बड़ा समूह की मौजूदगी दर्ज की गई है। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में हाथियों की संख्या स्थायी बनी हुई है और अलग अलग इलाकों में फसल नुकसान के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं सुरक्षा को लेकर तमाम विभागीय कवायद जारी है।

# पंचायत सचिव एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर

## काम बंद कलम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



पंचायत सचिवों ने एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। विकासखंड धरमजयगढ़ के पंचायत सचिव दुर्गा पंडाल पर बैठ अपनी मांगों लेकर नारेबाजी की। पंचायत सचिवों ने एक सूत्रीय मांग परिवीक्षा अवधि के पश्चात शासकीयकरण की घोषणा नहीं करने के कारण 16 मार्च से काम बंद कलम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सचिवों का बजट सत्र 2023-24 में शासकीयकरण करने का पंचायत मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया था। किंतु बजट में पंचायत सचिवों का परिवीक्षा अवधि के पश्चात शासकीयकरण का कोई पहल नहीं होने से पंचायत सचिवों में रोष व्याप्त है। पंचायत सचिवों की शासकीयकरण पर ठोस पहल नहीं होने के कारण 16 मार्च से ब्लाक मुख्यालयों में काम बंद कलम बंद अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू हुई है। बता दें कि पंचायत सचिवों के हड़ताल पर जाने से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्य बाधित होगा। वहीं लोगों को पंचायत संबंधी कार्यों के लिए परेशानी होगी। पंचायत सचिव जमीनी स्तर के कर्मचारी हैं। जिनका आमजनता से सीधा संबंध होता है।

# बदला मौसम का मिजाज, हवा के साथ रिमझिम बारिश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र में हल्की हवा के साथ रिमझिम बारिश हुई है। 16 मार्च से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस दिन कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई थी। वहीं 18 मार्च को हवा के साथ बारिश हुई है। बेमौसम बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। क्योंकि अचानक ठंड बढ़ने से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। वहीं बारिश के कारण कई किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। क्योंकि क्षेत्र में तरबूज का फसल पककर तैयार है। बारिश के कारण फसल नुकसान के साथ साथ दाम में गिरावट आ सकती है। वहीं मक्का फसल के लिए पानी लाभदायक होगा। लेकिन तेज हवा चलने से नुकसान भी हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार पांच दिनों तक मौसम बदला हुआ रहेगा। हल्की हवा एवं रिमझिम बारिश से मौसम में ठंड बढ़ गया है।

# राजीव युवा मितान क्लब को प्रति तिमाही 25 हजार का अनुदान

## विधायक लालजीत के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री का जवाब

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





प्रदेश में युवा शक्ति को संगठित करने व सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार ग्रामीण व शहरी इलाकों में राजीव युवा मितान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। युवा शक्ति को सही दिशा देने और विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। इस क्लब के माध्यम से युवा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं शिक्षा और खेल के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना में सहभागी बनने का अवसर भी उन्हें मिला है। युवाओं को कुपोषण को दूर करने सामाजिक असमानता, कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वच्छता अभियान में जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इधर, वर्तमान विधानसभा सत्र में क्षेत्र के विधायक लालजीत सिंह राठिया ने जिले में राजीव युवा मितान क्लबों के गठन व उन्हें दी गई प्रोत्साहन राशि के बारे में सवाल पूछा। जिसके जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में प्रत्येक ग्राम पंचायत के क्लब को प्रति तिमाही के हिसाब से 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवा मितान क्लब के सहयोग से विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पुरुषों के अलावा महिलाओं द्वारा भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक **-नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in